हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

www.naisochlive.com | पटना, शनिवार, 22 फरवरी 2025, वर्ष- 08, अंक- 06, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

पेज : 08

दिवंगत मां स्मिता पाटिल के घर में हुई प्रतीक की शादी : प्रिया बनर्जी



## त्रिवेणी के अमृत जल से स्नान कर पुण्य के भागीदार बने प्रदेश की जेलों में बंद कैदी

**प्रयागराज की दोनों जेलों में 2400 से अधिक कैदियों ने किया त्रिवेणी जल से स्नान**

**पावन जल का पुण्य स्नान कर भाव विभोर हुए कैदी, जेल के अंदर गूंजा 'हर हर गंगे' का उद्घोष**

**कैदियों की धार्मिक भावनाओं के सम्मान के लिए योगी सरकार की बड़ी पहल**

**एजेंसी, महाकुम्भ नगर**

प्रयागराज महाकुम्भ में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए संगम आने वालों का आंकड़ा 59 करोड़ पहुंच गया है। इस अमृत काल में पुण्य की डुबकी से कोई छूट न जाए, सभी की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए योगी सरकार ने प्रदेश की जेल में बंद कैदियों के लिए भी बड़ी पहल की है। प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल और जिला जेल के हजारों कैदियों को भी इसका अवसर मिला। यह पावन अवसर पाकर कैदी भाव विभोर हो गए। प्रयागराज महाकुम्भ में पुण्य की डुबकी लगाने को उमड़ रहे आस्था के जन सैलाब ने अब तक के सभी पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्रशासन द्वारा आज जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक महाकुम्भ में करीब 59 करोड़ लोग संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। योगी सरकार ने प्रदेश में जेल में बंद कैदियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए अब उन्हें भी इस पुण्य के भागीदारी बनने का अवसर दिया है। प्रदेश की सभी 62 जेलों के कैदियों ने त्रिवेणी के पुण्य जल से स्नान किया है। इसके लिए जेल के अंदर ही बड़े-बड़े हौज बनाए गए, जिसमें त्रिवेणी से लाया गया पवित्र जल मिलाया गया। इसी जल से स्नान कर जेल में बंद कैदी भी पुण्य के भागीदारी बने हैं। प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल में भी इसके लिए भव्य व्यवस्था की गई। नैनी जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल बताते हैं कि नैनी जेल में इस समय 1700 से कैदी है इन्हें 1400 से अधिक कैदियों को त्रिवेणी के पावन जल से स्नान का अवसर मिला है। शासन के निर्देश पर त्रिवेणी से एक कलश में वहां का पावन जल लाया गया। जेल के अंदर विधि विधान से उसका पूजन किया गया और फिर इसी जल को जेल के अंदर बनाए गए कुंड में डाल दिया गया। इसी जल से जेल के कैदियों ने पुण्य स्नान किया है। प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल के अलावा जिले की जिला जेल के बंदियों को भी अमृत काल में संगम के पुण्य जल से स्नान का पुण्य लाभ अर्जित करने का अवसर मिला।







### भाव विभोर हुए कैदी, जेल में हुआ हर हर गंगे का हुआ उद्घोष

जेल में बंद इन कैदियों ने संभवतः कभी सोचा भी न होगा कि सलाखों के अंदर रहते हुए भी उन्हें 144 साल के इस दुर्लभ संयोग में त्रिवेणी के पावन जल में स्नान का अवसर मिल पाएगा। लेकिन प्रदेश की योगी सरकार ने कैदियों के लिए इसकी व्यवस्था कर दी। इन कैदियों की त्रिवेणी में ले जाकर स्नान कराने की कानूनी और सुरक्षा की समस्याओं को देखते हुए जेल के अंदर ही इनके त्रिवेणी के पावन जल से स्नान की व्यवस्था की गई। जैसे ही त्रिवेणी से मंगवाए गए जल से इन कैदियों ने पुण्य स्नान किया कैदियों के हर हर गंगे के उद्घोष से पूरा जेल परिसर गूंज गया। उत्तर प्रदेश की जेलों में वर्तमान में लगभग 90 हजार बंदी निरुद्ध हैं।

## अगले चार साल में एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा उत्तर प्रदेश

**एजेंसी, लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये की थी, जो इस वित्त वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2029 तक एक ट्रिलियन डॉलर का हो जाएगा।

समाजवादी पार्टी की सदस्य डॉ. रागिनी सोनकर के सवाल के जवाब में आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं। भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। हो सकता है कि कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे। सच्चाई यह है कि देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वे आश्वस्त करना चाहते हैं कि वर्ष 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी भी बनेगा और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा। योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों को चिह्नित किया है। इन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, नगरीय विकास, राजस्व संग्रह, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और सेवा क्षेत्र शामिल हैं। प्रत्येक सेक्टर की मासिक समीक्षा की जाती है और मुख्यमंत्री स्वयं तिमाही समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को जमीन पर उतारा जा चुका है। कई उद्योगों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है। इस निवेश से 60 लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह वही प्रदेश है जहां सीडी रेशियो 44 प्रतिशत था। आज यह 60 प्रतिशत क्रॉस कर चुका है। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश का पैसा आज उत्तर प्रदेश में लग रहा है। यह रिजर्व बैंक की ही रिपोर्ट है कि पिछली पंचवर्षीय योजना में उत्तर प्रदेश देश का वो पहला राज्य है जिसने बैंको से सबसे अधिक लेन देन किया।

### हर सेक्टर में महिलाओं को मिले रोजगार



योगी ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को स्वावलंबन के दिशा में जो कार्य हुए हैं उसमें अकेले उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में 20% भर्ती अनिवार्य रूप से की गई है। हर एक सेक्टर में उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। सीएम योगी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आप लोगों लगता है कि यूपी 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य नहीं हासिल कर पाएगा तो यह आपकी दुर्भावना हो सकती है, लेकिन सरकार की सद्भावना है कि उत्तर प्रदेश 5 वर्ष में इस टारगेट को अचीव करेगा। संसाधनों से भरपूर उत्तर प्रदेश को प्रकृति और परमात्मा की कृपा से ओतप्रोत इस उत्तर प्रदेश को जिसको आप लोगों ने समाजवादी पार्टी की सरकार ने और विपक्षी दलों की सरकार ने देश के बीमारू राज्यों की श्रेणी में लाकर के खड़ा कर दिया था, यह देश की छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा किया था, इन संसाधनों का हम भरपूर उपयोग कर रहे हैं।

## महाकुम्भ ने साबित कर दिया कि सनातन ही विश्व का भविष्य है : हिमंत बिस्वा सरमा

**असम के मुख्यमंत्री सरमा ने परिवार सहित संगम में लगाई आस्था की डुबकी**

**एजेंसी, महाकुम्भ नगर**

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा परिवार सहित शुक्रवार को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचे और संगम में डुबकी लगाई। इस अवसर पर डॉ. सरमा ने कहा कि कुम्भ में स्नान करना बहुत बड़ा सौभाग्य है। परमात्मा को बहुत-बहुत आभार कि उन्होंने हमें स्नान करने का मौका दिया। कुशलता के साथ मेला प्रबंधन किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूरे प्रशासन को वे धन्यवाद देते हैं। डॉ. सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में फिर एक बार भारत की सनातन सभ्यता एवं संस्कृति उभर कर विश्व के सामने आई है। ये महाकुम्भ ने साबित कर दिया है कि सनातन ही अतीत है, सनातन ही वर्तमान है और सनातन ही विश्व का भविष्य है। संगम में स्नान के बाद मुख्यमंत्री सरमा ने अपने एक्स अकाउंट पर दो पोस्ट शेयर किये। उन्होंने हिंदी में लिखा, ''तीर्थराज प्रयागराज में परिवार सहित त्रिवेणी संगम स्नान करने का अपार सौभाग्य प्राप्त हुआ। जब तक सूरज-चांद रहेगा, तब तक सनातन धर्म रहेगा। हर हर महादेव।'' अंग्रेजी में लिखे दूसरे पोस्ट में सरमा ने लिखा कि आज संगम में स्नान के अनुभव का वर्णन करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। यह सिर्फ नदियों का संगम नहीं है- यह करोड़ों संतानियों की आस्था, आध्यात्मिकता और विरासत का संगम है।



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने भाजपा की 'बी' टीम बनकर दिल्ली चुनाव लड़ा : मायावती

**एजेंसी, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राहुल गांधी को सलाह देते हुए कहा कि वे पहले अपने गिरेबान में झांककर देखे तो अच्छा होगा। मायावती ने आरोपलगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा। मायावती ने शुक्रवार को सोशलमीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि लोगों में यह चर्चा आम है कि कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आमचुनाव में इस बार भाजपा की 'बी' टीम बनकर चुनाव लड़ा। इसके कारण भाजपा दिल्ली की सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाई।

### सज्जन कुमार की सजा पर फैसला 25 फरवरी को



**एजेंसी, नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट दिल्ली की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 1984 के सिख विरोधी दंगे से संबद्ध सरस्वती विहार के मामले में दोषी करार दिए गए पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार की सजा की अवधि पर फैसला आज सुरक्षित रख लिया है। उन्होंने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 25 फरवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सीबीआई और शिकायतकर्ता ने सज्जन कुमार को फांसी की सजा देने की मांग की है।

### उपमुख्यमंत्री शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी देने में दो गिरफ्तार

**एजेंसी, मुंबई ।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो आरोपितों को मुंबई पुलिस ने बुलढ़ाणा जिले के देवलगांव से गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों को लेकर शुक्रवार को मुंबई लेकर पहुंचेगी और यहां कोर्ट में पेश करेगी। मुंबई के अनुसार गुरुवार को मुंबई के गोरेगांव, मंत्रालय और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला थी। इसके बाद मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस ने ईमेल भेजने वाले का पता लगाया। यह ईमेल बुलढाणा जिले के देउलगांव से भेजे का पता मुंबई पुलिस को चला। इसके बाद मुंबई पुलिस ने बुलढ़ाणा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए देवलगांव से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों संदिग्धों की पहचान मंगेश अच्युतराव वायल (35) और अभय गजानन शिंगणे (22) के रूप में की गई है।

## सौरव गांगुली के काफिले के सामने आई लॉरी, दो गाड़ियों में टक्कर, बाल-बाल बचे

**एजेंसी, कोलकाता**

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली गुरुवार सुबह सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए। यह हादसा बर्धमान जाते समय हुगली जिले के दादपुर इलाके में दुर्गापुर एक्सप्रेस-वे पर हल्की बारिश के बीच हुआ। गांगुली के काफिले के सामने अचानक एक लॉरी आ गई। उनके वाहन चालक ने समय रहते ब्रेक लगा दिया, लेकिन पीछे आ रही दो गाड़ियों में मामूली टक्कर हो गई।दादपुर थाना पुलिस के अनुसार, गांगुली की कार को कोई नुकसान नहीं हुआ और न ही गांगुली को किसी प्रकार की चोट आई। काफिले की जिन दो गाड़ियों में टक्कर हुई, उन्हें हल्की क्षति पहुंची, लेकिन चालक पूरी तरह सुरक्षित रहे। हादसे के बाद भी सौरव गांगुली ने अपने तय कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वे बर्धमान विश्वविद्यालय के गुलाबबाग परिसर स्थित ऑडिटोरियम में पहुंचे, जहां उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब दिए। इसके बाद उन्होंने विश्वविद्यालय के मोहन बागान मैदान का भी निरीक्षण किया।बर्धमान के राधारानी स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में गांगुली को बर्धमान खेल संघ की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में गांगुली ने कहा, "मैं बेहद खुश हूं कि आज बर्धमान आ सका। बर्धमान खेल संघ के साथ क्रिकेट संघ बंगाल (सीएबी) पिछले 50 वर्षों से काम कर रहा है। यहां से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरकर सामने आए हैं।

## कांग्रेस और राहुल गांधी का भारत विरोधी रुख बेहद चिंताजनकः भाजपा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

यूएसएड मामले पर भाजपा ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए उनपर देश के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी संविधान की शपथ लेकर भी ऐसा काम कर रहे हैं। कांग्रेस और राहुल का भारत विरोधी रुख बेहद चिंताजनक है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय चुनावों को प्रभावित करने को लेकर अमेरिकी सहायता के बारे में डोनाल्ड ट्रम्प के दावों का हवाला देते हुए कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया।





भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने मजबूत निर्णायक शासन देखा है। राहुल गांधी इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। वे भारत, इसके संविधान और इसके नागरिकों को धोखा दे रहे हैं। भाटिया ने कहा कि राहुल और कांग्रेस का भारत विरोधी रुख बेहद चिंताजनक हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बयान दिया था जिसमें बताया गया था कि कैसे यूएसएड फंडिंग का इस्तेमाल भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए किया जा रहा था।

## किसान सम्मान समारोह 24 फरवरी को भागलपुर में होगा, पीएम करेंगे शिरकत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

किसान सम्मान समारोह 24 फरवरी को भागलपुर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। शुक्रवार को कृषि भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देशभर के लगभग 9.80 करोड़ किसानों को पीएम किसान की यह राशि प्रधानमंत्री ट्रांसफर करेंगे। किसान योजना की पिछली 18वीं किस्त में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 20,665 करोड़ रुपये दिए गए थे। अब 24 फरवरी को 19वीं किस्त में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि किसानों को सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसान कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्पादन बढ़े, उत्पादन की लागत घटे, उत्पादन के ठीक दाम मिलें, फसलों के नुकसान की भरपाई हो, कृषि का विविधीकरण, प्राकृतिक खेती जैसे मिशन के अभियान, लागत घटे, इसके लिए महत्वपूर्ण योजना पीएम किसान सम्मान निधि योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में प्रारंभ की थी। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त प्रधानमंत्री 24 फरवरी 2025 को भागलपुर से सिंगल क्लिक से किसानों के खातों में अंतरित करेंगे। इस निधि से अभी तक लगभग 9 करोड़ 60 लाख किसानों के खाते में पैसा जाता था। कोई पात्र किसान छूट गया है तो उसका नाम जोड़ने की प्रक्रिया कृषि मंत्रालय चलाता रहा है। इस बार लगभग 9 करोड़ 80 लाख किसानों को 22 हजार करोड़ रुपये की राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि भागलपुर के इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ बिहार के राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित अन्य मंत्री भाग लेंगे।



## प्रधानमंत्री मोदी ने सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव का किया उद्घाटन, कहा-राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां भारत मंडपम में दो दिवसीय सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के प्रथम संस्करण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ''कुछ आयोजन ऐसे होते हैं जो हृदय के बहुत करीब होते हैं आज का कार्यक्रम भी ऐसा ही है। राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, 'जन से जगत', किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करने के लिए आरंभ जन से ही होता है।'' उन्होंने कहा कि कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, जो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का ये कार्यक्रम भी ऐसा ही है। हर क्षेत्र में बेहतरीन लीडर्स का डेवलपमेंट बहुत जरूरी है और समय की मांग है। इसलिए सोल (द स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप) की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है। सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने कहा, ''प्रधानमंत्री जी मेरे बड़े भाई, जब भी मुझे आपसे मिलने का मौका मिलता है, मैं खुशी से झूम उठता हूं।

जब भी मैं आपसे मिलता हूं, मैं एक लोक सेवक के रूप में और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित होता हूं। स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है और यह प्रामाणिक नेताओं को विकसित करने और उन्हें महान भारतीय गणराज्य की सेवा करने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है।''



# मुख्यमंत्री ने पटना जिले को दी 1404 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 623 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में पटना जिले को दनियांवा प्रखंड के ग्राम तोप से 1404.84 करोड़ रुपये की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने 623 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 845.43 करोड़ रुपये की लागत से 367 योजनाओं का उद्घाटन एवं 559.41 करोड़ रुपये की लागत से 256 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने पटना जिला के बाढ़ प्रखंड स्थित बेढना पंचायत में पंचायत सरकार भवन के सौंदर्याकरण का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन बेढना का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन में पुस्तकालय सह ज्ञान केंद्र का लोकार्पण किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पंचायत सरकार भवन में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन, बेढना के समीप बने हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर में टेलीमेडिसिन सुविधा का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर बेढना का निरीक्षण कर टेली कंसलटेंट परामर्श कक्ष, बाल हृदय लाभार्थी कक्ष आदि का जायजा लिया। हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर बेढ़ना में उपलब्ध कराई गई चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर आज से शुरू हो गया है। मरीजों को त्वरित इलाज एवं अन्य चिकित्सा सुविधा मिले, इसका विशेष रुप से ख्याल रखें। हमलोगों ने प्रारंभ से ही हर क्षेत्र में विकास का काम कराएं हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काफी काम कराया गया है ताकि लोगों को समुचित चिकित्सा सुविधा मिल सके। निरंतर हर क्षेत्र में विकास का काम किया जा रहा है। बिहार आगे बढ़े, हमारी यही चाहत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने 2498 सतत् जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों को आर्थिक सहयोग हेतु 19 करोड़ 97 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 (द्वितीय/तृतीय किश्त) के तहत 17 करोड़ 60 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री निजी जीविका दीदी (अन्य प्रजाती) पौधशाला योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक, विभिन्न जीविका स्वयं सहायता समूह को सामुदायिक निवेश निधि अंतर्गत 40 करोड़ 69 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, सतत् जीविकोपार्जन योजन योजना अंतर्गत ई-रिक्शा का हस्तांतरण प्रमाण पत्र एवं चाबी, सामुदायिक पुस्तकालय की चाबी आदि लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी जीविका दीदियां काफी अच्छा काम कर रही हैं। जब हम केंद्र में मंत्री थे तो कई जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूह के कार्यों को देखे थे। उस समय बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बहुत कम थी। वर्ष 2005 में जब बिहार में हमलोगों की सरकार बनी तब हमलोगों ने स्वयं सहायता समूहों का विस्तार करने का निर्णय लिया। इसके लिये वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर पूरे बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या बढ़ाने की दिशा में काम शुरू किया गया। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका दिया और इससे जुड़नेवाली महिलाओं को जीविका दीदी कहा। उस समय की केंद्र सरकार ने हमलोगों के इस कार्य से प्रेरित होकर देशभर में आजीविका नाम से इस योजना को शुरू किया। हम बिहार में जहां कहीं भी जाते हैं जीविका दीदियों से जरूर मिलते हैं। आपलोगों को हर प्रकार से सरकार मदद पहुंचा रही है। आपकी जो भी समस्याएं होती हैं उनका तत्काल निराकरण किया जाता है। जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो, इसका विशेष रुप से ध्यान रखें। बिहार की जीविका दीदियों को देश के अलग-अगल हिस्सों में सम्मानपूर्वक कार्यक्रमों में बुलाया जाता है। उन्होंने कहा कि हम कई बार इस इलाके से सांसद रहे हैं। उस समय से ही हम इस इलाके में बराबर दौरा करते रहते हैं और लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का निष्पादन कराने की हर संभव कोशिश में जुटे रहते हैं। हम चाहते हैं कि इनके कार्यों का और अधिक विस्तार हो। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत जीविका ग्राम संगठनों को पांच वर्षों के लिए जोड़ा तालाब, बेढना पश्चिमी का निःशुल्क आवंटन हेतु प्रमाण पत्र मत्स्य पालन के लिए जीविका दीदियों को प्रदान किया। जोड़ा तालाब में मुख्यमंत्री ने मत्स्य बीज डाली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तालाब का निरीक्षण कर जोड़ा तालाब के किनारे सीढ़ी घाट बनाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने एनर्जी चैंपियन के बीच ई-साइकिल का भी वितरण किया। ग्राम पंचायत बेढ़ना पश्चिमी अपशिष्ट प्रसंस्करण ईकाई का उद्घाटन कर निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बाढ़ स्थित बाबा उमानाथ मंदिर परिसर में प्रस्तावित नागरिक सुविधाओं के तहत बनने वाले धर्मशाला, विवाह मंडप, गंगा तट पर सिढीघाट, रिवर फ्रंट डवलपमेंट तथा सति घाट पर विद्युत शवदाह गृह हेतु स्थल निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साइट मैप एवं मॉडल के माध्यम से मुख्यमंत्री को बाबा उमानाथ मंदिर परिसर में उपलब्ध कराई जाने वाली नागरिक सुविधाओं से अवगत कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा उमानाथ मंदिर परिसर एवं आसपास का दृश्य काफी मनोरम है। यहां नागरिक सुविधाओं का विस्तार हो जाने से लोगों को पूजा-अर्चना एवं अनुष्ठान करने में सहूलियत होगी। इस काम को यथाशीर्घ शुरू कराएं। मुख्यमंत्री ने बाबा उमानाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने दनियावां प्रखंड के ग्राम तोप में जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत जीर्णोद्धार कराए गए तालाब, सीढ़ीघाट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उच्च माध्यमिक विद्यालय में खेल मैदान (बास्केटबॉल कोर्ट, बैंडमिटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, रनिंग ट्रैक तथा लंबी एवं ऊंची कूद) का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं खेल मैदान का निरीक्षण भी किया। खेल मैदान में मौजूद खिलाड़ियों से मुख्यमंत्री ने बातचीत कर उन्हें बधाई एवं शुभकामानाएं दी। मुख्यमंत्री ने पटना जिला अंतर्गत विकासात्मक योजनाओं से संबंधित शिलापट्टों का रिमोट के माध्यम से अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मनेर के शेरपुर में जे०पी० गंगापथ परियोजना (दीघा-शेरपुर-बिहटा) के विस्तारीकरण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को रेखा चित्र के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना की लंबाई 35.65 कि०मी० होगी और इसकी अनुमानित लागत 6495.79 करोड़ रुपये होगी। दीघा से शेरपुर होते हुए सादिकपुर तक लंबाई 18 कि०मी० होगी, जो एलिवेटेड पथ होगा। सादिकपुर से बिहटा (कोईलवर पुल तक) की लंबाई 17.65 कि०मी० होगी। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को दीदारगंज-बख्तियारपुर-मोकामा पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का रेखा चित्र के माध्यम से जानकारी दी। इस परियोजना की लंबाई 82.5 कि०मी० होगी। इसके तहत 1103 करोड़ रुपये की लागत से दीदारगंज से अथमलगोला तक 42 कि०मी० (फोरलेन) तथा 250करोड़ रुपये की लागत से अथमलगोला से मोकामा तक 42.5 कि0मी0 सड़क बनेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि यह अच्छी योजना है, कार्य को तेजी से पूर्ण करें।इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने 137.6246 करोड़ रुपये की लागत से छितनावां (एन०एच० 30) में नवनिर्मित ऊसरी दानापुर शिवाला बाईपास पथ के उन्नयन कार्य (लंबाई 7.10 मी0) का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रुपसपुर नहर पहुंचकर सगुना मोड़ से रुपसपुर तक नेहरू पथ के दोनों तरफ भूमिगत नाला के साथ प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने नेहरू पथ से गोला रोड के प्रस्तावित फोरलेन चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। साथ ही पाटलि पथ को नेहरू पथ से जोड़ने के प्रस्तावित योजना का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने खगौल नेहरू पथ-अशोक राजपथ को जोड़नेवाले रूपसपुर नहर पथ के प्रस्तावित फोरलेन चौड़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने आशियाना दीघा रोड स्थित राजीवनगर पहुंचकर राजीवनगर नाला एवं आनंदपुरी नाला पर प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि राजीवनगर नाला एवं आनंदपुरी नाला पर फोरलेन सड़क के निर्माण से दो लाख की आबादी को लाभ होगा। इसकी अनुमानित लागत 180.99 करोड़ रुपये होगी और लंबाई 4.26 कि०मी० होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पथों के निर्माण से शहर में लोगों को आवागमन के और भी विकल्प मिलेंगे। साथ ही स्थानीय लोगों को भी आने-जाने में सहूलियत होगी। इन सब पथों के निर्माण से पटना में और पटना शहर के बाहर आने-जाने के लिए और भी विकल्प उपलब्ध होंगे। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने 28.87 करोड़ रुपये की लागत से मौर्यालोक कॉम्पलेक्स, पटना में नवनिर्मित बहुमंजिला हाईड्रोलिक पार्किंग का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और उसका जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कदमकुआं में 903.376 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित दो मंजिला वेंडिंग मार्केट का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने वेंडिंग मार्केट का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छा बना है। मार्केट के बन जाने से स्थानीय सब्जी एवं फल विक्रेताओं को एक ही छत के नीचे विक्रय हेतु सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही सड़क से अतिक्रमण हटेगा और आवागमन सुलभ होगा। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री सह पटना जिला के प्रभारी मंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री नितिन नवीन, सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधायक भाई विरेंद्र, विधायक श्री ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, विधायक श्रीमती नीलम देवी, विधान पार्षद श्री नीरज कुमार, महापौर श्रीमती सीता साहू, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन श्री इरशादुल्लाह, पूर्व सांसद श्री रामकृपाल यादव, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री बी० कार्तिकेय धनजी, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरबड़े, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री राकेश राठी, पटना जिला के जिलाधिकारी डॉ० चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, नगर आयुक्त श्री अनिमेष पराशर, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मुख्य मंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान पटना शहरी क्षेत्र विकास के लिए किए कई घोषणाएं

**पटना।** मुख्य मंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान पटना शहरी क्षेत्र विकास के लिए किए कई घोषणाएं। उहोंने कहा कि जे०पी० गंगा पथ को पश्चिम की ओर कोइलवर के वीर कुँवर सिंह सेतु तक तथा पूरब की ओर मोकामा के राजेन्द्र सेतु तक पुराने राष्ट्रीय उच्च पथ-31 का चौड़ीकरण करते हुये विस्तार किया जायेगा। जे०पी० गंगा पथ के दक्षिण दीघा से सभ्यता द्वार के बीच वाले स्थान में पार्क एवं नागरिक सुविधाओं का समेकित विकास किया जायेगा। सभ्यता द्वार को पूरब की ओर से पक्के गंगा घाट तथा पश्चिम की ओर एकता भवन से जोड़ा जायेगा तथा पटना हाट एवं पार्किंग का निर्माण किया जायेगा। नेहरू पथ के दोनों तरफ रूपसपुर नहर से सगुना मोड़ तक भूमिगत नाले के साथ पथ का निर्माण एवं इसका चौड़ीकरण किया जायेगा। खगौल नेहरू पथ अशोक राजपथ तक रूपसपुर नहर पथ का चौड़ीकरण एवं निर्माण किया जायेगा।दानापुर में नेहरू पथ से गोला रोड का चौड़ीकरण किया जायेगा। पटेल गोलम्बर से अटल पथ तक सरपेंटाईन नाले पर अंडर ग्राउण्ड नाले के साथ फोर लेन राजीव नगर नाले का पक्कीकरण एवं इसके ऊपर सड़क का निर्माण किया जायेगा। आनंदपुरी नाले का पक्कीकरण एवं इसके ऊपर सड़क का निर्माण किया जायेगा। गायघाट-कंगन घाट-दीदारगंज तक पुराने गंगा पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। गायघाट में जे०पी० गंगा पथ से डाऊन रैम्प का निर्माण किया जायेगा। पटना सिटी



के मंगल तालाब का जीर्णोद्धार एवं पर्यटकीय सुविधाओं का विकास किया जायेगा। कंगनघाट पर पटना साहिब गुरुद्वारा के निकट मल्टीलेबल पार्किंग का निर्माण किया जायेगा। नेहरू पथ को दोनो तरफ पाटलि पथ से जोड़ा जायेगा। मंदिरी नाला पर निर्माणाधीन 4 लेन सड़क को जे०पी० गंगा पथ से जोड़ा जायेगा। पटना शहरी क्षेत्र में बिजली के तारों को चरणबद्ध तरीके से भूमिगत कराया जायेगा। पटना शहर के पास एक नये अंतर्राष्ट्रीय ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया जायेगा।

**पटना जिले की अन्य घोषणायें-**

एम्स गोलम्बर-जानीपुर-पईनापुर नेवा पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। साथ ही नौबतपुर लख के पास नये पुल का निर्माण किया जायेगा। परसा-सम्पतचक सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा। दीदारगंज से गौरीचक होते हुए पुनपुन तक तटबंध पथ का चौड़ीकरण करने हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया जायेगा। पुनपुन प्रखंड के ग्राम रसूलपुर में मोरहर नदी पर पुल का निर्माण किया जायेगा। पुनपुन स्टेशन से अकौना ग्राम होते हुए पटना रिंग रोड (बिहटा सरमेरा पथ) को जोड़ने वाले मिसिंग लिंक पथ का निर्माण किया जायेगा। सादिकपुर-पभेड़ा-मसौढ़ी पथ के सोहगी मोड़ को पटना-गया रोड के कंडाप को 2-लेन सड़क से जोड़ा जायेगा। बख्तियारपुर में हिदायतपुर एवं मंझौली के बीच धोबा नदी पर पुल का निर्माण किया जायेगा। बाढ़ के उमा नाथ मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, नागरिक सुविधाओं का विकास किया जायेगा। साथ ही बाढ के उमा नाथ मंदिर परिसर के समीप श्मशान घाट का विकास और विद्युत शवदाह गृह का निर्माण किया जायेगा। पालीगंज के उलार सूर्यमंदिर में पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जायेगा। पालीगंज में पुनपुन नदी पर समदा गाँव एवं गुलरिया बिगहा के बीच पुल का निर्माण किया जायेगा। दानापुर कैंट-मनेर-बिहटा पथ का 4 लेन चौड़ीकरण किया जायेगा। पटना जिले के 13 प्रखंडों क्रमशः नौबतपुर, पालीगंज, बाढ़, बिहटा, मसौढ़ी, मोकामा, विक्रम, धनरूआ, पंडारक, फतुहा, घोसवरी, पुनपुन एवं मनेर में नये प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावा पटना जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा। बिहार के हर क्षेत्र में काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा। इसके लिए आप सबको बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ।

## विश्वकर्मा एकता महारैली को लेकर भारतीय विश्वकर्मा महासंघ ने किया कार्यकर्ता सह जनसंवाद सम्मेलन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटनासिटी।** शरीफागंज स्थित जमुना उत्सव पैलेस में भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के तत्वाधान में कार्यकर्ता सह जनसंवाद सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुखदेव विश्वकर्मा उर्फ मुन्नी जी एवं संचालन दिवाकर शर्मा ने की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भारत के सातवें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के सुपौत्र इंद्रजीत सिंह बब्बू ने कहा कि विश्वकर्मा समाज गौरवशाली तब होगा जब हम अपनी परम्पराओं और जीवन मूल्यों का निर्वाह करने में सफल और सक्षम होंगे, और हम सफल और सक्षम तब होंगे जब समाज का प्रत्येक वर्ग अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह करने में सफल होगा। अपने कर्तव्यों को महत्व देकर समाजिक मूल्यों, परम्पराओं के माध्यम से समाज का एकीकरण करने के लिए तैयार होना होगा। श्री बब्बू ने कहा कि एक सूत्र में बंध कर पटना के गांधी मैदान में 2025 के अप्रैल माह में होने जा रही विश्वकर्मा एकता रैली में तन मन धन के सहयोग के साथ अपनी एकता की परिचय देने का कार्य करेंगे। जबकि भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि जातिगत जनगणना के अनुसार बिहार में विश्वकर्मा समाज की आबादी 8 से 9 प्रतिशत है, इसके बाबजूद भी यह श्रमिक समाज को समुचित अधिकार नहीं मिल पाया है। अब विश्वकर्मा समाज जागरूक हो गया है। अब भीख नहीं अधिकार लेंगे और सरकार भी बनायेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति से वंचित होने के कारण समुचित अधिकार से भी वंचित है। अब विश्वकर्मा समाज मजबूती से हर लड़ाई लड़ने को तैयार है और 2025 के अप्रैल माह में गांधी मैदान में विश्वकर्मा एकता महारैली कर अपनी शक्ति प्रदर्शन कर एकजुटता दिखाएंगे साथ ही उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि अभी से महारैली की तैयारी के लिए सभी लोग तन मन धन से लग जाएं। वहीं महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिवाकर शर्मा अपने संबोधन में कहा कि विश्वकर्मा समाज को अपने बच्चों को पढ़ाने पर जोड़ देना होगा, साथ ही समाज में शिक्षा की भूख जगाना होगा। शिक्षा के माध्यम से ही अपना ताज और राज एवं समाज व देश की निर्माण की परिकल्पना कर सकते है। मौके पर पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता शर्मा, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, अनीता शर्मा, पटना साहिब के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बीरबल शर्मा, सतेंद्र विश्वकर्मा, सतीश शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, कौशल विश्वकर्मा, अजय शर्मा, बिनोद विश्वकर्मा, सतपाल शर्मा, युवा नेता अभिषेक राणा, समाजसेवी रॉकी शर्मा आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्रामीण परिवहन के लिए सीईएसएल की इलेक्ट्रिक साइकिल पहल का उद्घाटन किया

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेजलिमिटेड (ईईएसएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, कन्वर्जेंसएनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) ने बिहार सरकार केसहयोग से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह कदम 'सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट फॉर रूरल एंटरप्रेन्योर थ्रू इलेक्ट्रिक साइकिल्स (STREE)' पहल के तहतउठाया गया है। बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज अपनी 'प्रगतियात्रा' के दौरान जीविका दीदियों को इलेक्ट्रिक साइकिलें वितरित कीं। STREE कार्यक्रम राज्य में हरित औरसतत परिवहन को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं कोआत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य SHG की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त




बनाना है, जिससे वे पर्यावरण के अनुकूल परिवहन साधनों के माध्यम से अपनी आय बढ़ा सकें और सतत विकासमें योगदान दे सकें। इस मिशन को और मजबूत करने के लिए सीईएसएल ने हाल ही जीविका और विशेषज्ञ संस्थानों के सहयोग से पटना और मुज़फ़्फ़रपुर में 4 दिवसीय कौशल विकास और क्षमता निर्माण शिविर का आयोजन किया था जहाँ पटना, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों से जीविका द्वारा चयनित 500 स्वयं

**•बिहार ने STREE पहल के माध्यम से हरित परिवहन को कौशल विकास के साथ जोड़ा है, जिससे ग्रामीण महिलाओं के लिए समावेशी प्रगति को तेज किया जा रहा है**

सहायता समूह की उद्यमी महिलाओं को इलेक्ट्रिक साइकिल प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने SHG की महिलाओं को व्यापक रूप से सीखने का अवसर प्रदान किया और उन्हें विभिन्न कौशलों से अवगत कराया, जिसमें तकनीकी जानकारी, मरम्मत और रखरखाव में दक्षता, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, यातायात नियमों की समझ और सुरक्षा प्रोटोकॉल का ज्ञान शामिल है। बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर कहा, "बिहार हमेशा अपनी बेटियों की शक्ति में विश्वास रखता है। इलेक्ट्रिक साइकिलों के माध्यम से, SHG की महिलाओं को अधिक गतिशीलता प्राप्त होगी, जिससे उनकी उत्पादकता और आर्थिक स्वावलंबन में वृद्धि होगी। यह पहल महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की हमारी दृष्टि के अनुरूप है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो बिहार भी आगे बढ़ता है।" सीईएसएल के सीईओ श्री विशाल कपूर ने कहा, "हम अपनी STREE पहल के माध्यम से बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे सतत और विश्वसनीय परिवहन समाधान प्राप्त कर सकें। माननीय मुख्यमंत्री की सक्रिय भागीदारी इस दिशा में बिहार सरकार की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बिहार में महिला नेतृत्व वाले उद्यमों और स्वयं सहायता समूहों की एक समृद्ध परंपरा रही है और STREE जैसी पहल उनके सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान को और अधिक प्रभावशाली बनाएगी।" STREE पहल के अंतर्गत, इलेक्ट्रिक साइकिलों का वितरण महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना न केवल स्वच्छ गतिशीलता को बढ़ावा देती है, बल्कि महिलाओं को स्वच्छ और कुशल परिवहन के माध्यम से आय सृजन और सामाजिक-आर्थिक विकास का अवसर भी प्रदान करती है। इसके अलावा, यह पहल भारत सरकार की हरित परिवहन नीति के अनुरूप है, जो कार्बन रहित है और ग्रामीण परिवहन में भीड़-भाड़ को कम करने पर केंद्रित है। सीईएसएल की यह पहल महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने और ग्रामीण परिवहन को बेहतर बनाने की सरकार की व्यापक प्रयासों से जुड़ी हुई है, जो बिहार सहित अन्य राज्यों में सतत आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने में सहायक होगी।

## जीवन भर 'वेटिंग फॉर सीएम' ही रहेंगे तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने तेजस्वी यादव और उनके बड़े भाई तेज प्रताप यादव पर तंज कसते हुए कहा कि लालू प्रसाद के दोनों पुत्र बिहार की सियासत में अजूबा हैं। लालू के छोटे पुत्र तेजस्वी यादव घूम-घूम कर वादे की रेवड़ियां बांट रहे हैं, वहीं उनके बड़े भाई चंदन-टीका लगाकर बड़े संत-महात्मा बनने की ढोंग रचकर भविष्यवाणी कर रहे हैं। शायद तेज प्रताप को जानकारी नहीं है कि सिर्फ चंदन-टीका लगाने से कोई ज्ञानी महात्मा नहीं बन जाता। ज्ञान पाने के लिए अध्ययन की

**» लालू के दोनों पुत्र बिहार की सियासत में अजूबा**
**» झूठे वादों की रेवड़ियां बांटने से तेजस्वी को नहीं मिल सकती सत्ता**

जरूरत होती है। लेकिन, दोनों भाइयों को पढ़ाई-लिखाई से तो कोई मतलब रहा नहीं। इसलिए एक भाई बहुरूपिया बन गया और दूसरा नौंवी भी पास नहीं कर पाया। श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव घूम-घूम कर चाहे जितने वादे कर लें, जीत एनडीए की ही होगी। जनता जानती है कि महागठबंधन के नेता सिर्फ बड़े-बड़े वादे और दावे करना जानते हैं। इनके वादे और दावे में कोई विश्वसनीयता नहीं है। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बन सकते, क्योंकि यहां मुख्यमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है। तेजस्वी वेटिंग लिस्ट से कभी बाहर नहीं निकल सकते। वे सीएम बनने का सिर्फ सपना ही देख सकते हैं, कभी सीएम बन नहीं सकते। श्री मिश्र ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार है और रहेगी। बिहार की जनता का विश्वास और आशीर्वाद एनडीए के साथ है और आगे भी रहेगा।

## पार्टी की स्थापना के 30 साल भी राजद ने एक दलित को राज्यसभा नहीं भेजा, दलितों से इनका प्रेम दिखावटी :श्याम सुंदर शरण

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** 'मुखिया का चुनाव भी नहीं जीत सकते जीतन राम मांझी' राजद नेता कुमार सर्वजीत के इस बयान पर हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि "यह बयान सर्वजीत की राजनीतिक अपरिपक्वता को दर्शाता है। जीतन राम मांझी एक अनुभवी नेता हैं और उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में 9 महीने काफी बेहतर कार्य किया है। राज्य के विकास के लिए उन्होंने 30 सूत्री विकास का एजेंडा भी बनाया था, जो आज के तारीख में लागू हो रहा है। 15 साल के लालू-राबड़ी शासन काल पर 9 महीने भारी है। लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव जी के पार्टी नेताओं में होश में रहकर बात करनी चाहिए। हम दलित समागम के कार्यक्रम में उनके पेट में मरोड़ उत्पन्न होने लगा है और फालतू की बयानबाजी कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री रहते हुए जीतन राम मांझी लगातार प्रदेश के विकास कार्यों में लगे हुए है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के इतिहास में पार्टी की स्थापना के बाद से अब तक 30 साल में एक भी दलित नेता राज्यसभा नहीं भेजा गया। यह तथ्य राजद की दलित विरोधी नीतियों और उनके प्रति उपेक्षा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अब, 28 फरवरी को गांधी मैदान, पटना में आयोजित दलित समागम से राजद खेमे में बेचैनी बढ़ गयी है। यह समागम दलित समुदाय के लोगों को एक मंच पर लाने और उनकी समस्याओं पर चर्चा करने के लिए आयोजित किया गया है। जिसमें दलितों के अधिकारों पर चर्चा की जायेगी। प्रदेश के सभी जिलों से लाखों दलित भाई-बहन इसमें शामिल होंगे। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने वाले महागठबंधन के नेताओं को बिहार की जनता इसी बिहार विधानसभा चुनाव में सबक सिखाएगी।

**» जीतन राम मांझी पर बोलने से पहले राजद नेता होश में रहें, मांझी का 9 महीने का मुख्यमंत्री कार्यकाल 15 साल के लालू-राबड़ी शासनकाल पर भारी- श्याम सुंदर शरण**

## संक्षिप्त समाचार

### समस्तीपुर मंडल के प्रतापगंज स्टेशन पर दानापुर-जोगबनी एवं सहरसा-जोगबनी एक्सप्रेस का ठहराव

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 13212/13211 दानापुर-जोगबनी -दानापुर एक्सप्रेस एवं 13214/13213 सहरसा-जोगबनी-सहरसा एक्सप्रेस का समस्तीपुर मंडल के प्रतापगंज स्टेशन पर दिनांक 22.02.2025 से 02 मिनट का प्रयोगिक ठहराव प्रदान किया जा रहा है । दिनांक 22.02.2025 से गाड़ी सं. 13211 जोगबनी-दानापुर एक्सप्रेस 06.49 बजे प्रतापगंज पहुंचेगी और 06.51 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह गाड़ी सं. 13212 दानापुर-जोगबनी एक्सप्रेस 13.12 बजे प्रतापगंज पहुंचेगी और 13.14 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । दिनांक 22.02.2025 से गाड़ी सं. 13213 जोगबनी-सहरसा एक्सप्रेस 19.09 बजे प्रतापगंज पहुंचेगी और 19.11 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी जबकि दिनांक 23.02.2025 से गाड़ी सं. 13214 सहरसा-जोगबनी एक्सप्रेस 00.28 बजे प्रतापगंज पहुंचेगी और 00.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

### भोजपुर जिले के जगदीशपुर में हुयी सड़क दुर्घटना में 6 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भोजपुर जिले के जगदीशपुर के इसाढ़ी के पास कार और ट्रक में हुई टक्कर में 6 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### कांग्रेस की सरकार बनी तो हर कस्बे में लगेंगे मुफ्त सेनेटरी वेडिंग मशीन-अलका लांबा



**पटना।** आगामी विधान सभा चुनाव में अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो प्रदेश के हर कस्बे में एक सेनेटरी वेडिंग मशीन स्थापित किया जाएगा। यह बात भारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्षा अलका लांबा ने आज मिशन बिहार के तहत पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में कही। इसके अलावा महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए लांबा ने प्रदेश के डबल इंजन की सरकार को जमकर लताड़ा। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार महिलाओं को पुलिस में भर्ती कर महिला सशक्तिकरण का ढोल पिटते रहे लेकिन सेनेटरी पैड जैसी मौलिक स्वास्थ्य सुविधा भी मुहैया कराने में विफल रही। इसके लिए लांबा ने कांग्रेस की ओर से वैशाली में सेनेटरी वेडिंग मशीन जल्द स्थापित करने का प्रण लिया। वे आज मिशन बिहार के तहत 'अबकी बार बीजेपी-जदयू बिहार से बाहर' का नारा दिया और प्रदेश की आधी आबादी को आगे आकर इसे साकार करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने प्रेस वार्ता कर चुनावी साल में आधी आबादी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जिसके तहत प्रदेश के 40 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 40 पर्यवेक्षक की नियुक्ति जल्द करने की बात कही। श्रीमती लांबा ने कहा कि महिला कांग्रेस की सदस्यता अभियान के तहत 5 लाख महिलाओं को कांग्रेस में शामिल होने पर खुशी जाहिर की और बिहार महिला कांग्रेस की ओर से 10 हजार महिलाओं को आन-लाइन सदस्यता दिलाने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार के 80 हजार पोलिंग बुथ के लिए 80 हजार महिलाओं को प्रतिनियुक्त करने का लक्ष्य दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह खास तौर पर मौजूद रहे एवं बिहार में महिलाओं की समस्या को दूर करने के लिए प्रदेश कांग्रेस के संकल्प को दुहराया एवं हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जो लोग मौजूद थे उनमें शामिल हैं-प्रभारी सचिव शहनवाज आलम, डा0 मदन मोहन झा, पूनम पासवान, ब्रजेश पाण्डेय, निर्मल वर्मा, राजेश राठौड़, प्रतिमा कुमारी दास, सरवत जहां फातिमा, अजय उपाध्याय, अमिता भूषण, कपिलदेव प्रसाद यादव, ज्ञान रंजन ,स्नेहाशीष वर्धन पांडेय , निधि पांडेय ।

### प्रगति पुस्तकालय युवाओं का प्रगति का मार्ग - प्रेम कुमार



**पटना।** शुक्रवार को बांकीपुर गोरख में प्रगति पुस्तकालय का उद्घाटन प्रेमयूथ फाउंडेशन के संस्थापक सह समाजसेवी गांधीवादी प्रेम जी ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि इस पुस्तकालय के खुल जाने से आसपास की बच्चे-बच्चियां सुविधा के साथ ज्ञान अर्जित कर अपना भविष्य प्रशस्त कर सकेंगे। डिजिटल युग मे यह पुस्तकालय छात्र छात्राओं के प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी का मार्ग प्रशस्त करेगा । आज युवाओं का लक्ष्य बदल रहा है आईटी सेक्टर में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध है । छात्र- छात्राओं को शिक्षण के अनुकूल माहौल मिलना जरूरी है । युवा लक्ष्य के निर्धारण कर तैयारी करें अवश्य सफलता मिलेगा । फतुहा की भूमि काफी उर्वर है साधारण घर का युवा ओम प्रकाश बीपीएस टॉपर रहा और यूपीएससी में भी बाजी मारा है । यह प्रगति लाइब्रेरी से छात्र हर क्षेत्र में झंडा बुलंद करेंगे । उन्होंने युवाओं से शॉर्ट कट अपनाने से बचने का सलाह दिया है । वहीं निदेशक उदय कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य बहुत कम फीस में बच्चों को बेहतर सुविधा के साथ शिक्षा उपलब्ध कराना है। मौके पर वार्ड पार्षद दीपक कुमार, शिक्षक संजय प्रसाद, प्रमोद कुमार , लाइफ लाइन ऑक्सीजन बैंक के उपाध्यक्ष व हिंदुस्तान के वरिष्ठ पत्रकार आनंद कुमार पाठक ,आरके दत्ता, पत्रकार गौरव गुप्ता, फिरोज आलम, मणिकांत, हिमांशु सहित कई गणमान्य मौजूद रहे ।

### डीआईजी ने निरीक्षण में थाने में पकड़ा पैकेट डिस्पोज़ल करने का धंधा ,थानेदार को किया निलंबित




**मोतिहारी।** डीआईजी ने निरीक्षण में थाने में पकड़ा पैकेट डिस्पोजल करने का धंधा ,थानेदार को किया निलंबित ,पुलिस महकमा में मचा हड़कंप। चंपारण रेंज के डीआईजी हरिकिशोर राय ने थानों को कसने को लेकर लगातार बड़ी कार्रवाई कर रह हैं। डीआईजी ने मोतिहारी मुफ़सील थानेदार को हत्या ,लूट ,डकैती के कांडों में लापरवाही व पैकेट डिस्पोजल करने के मामले में निलंबित किया है। डीआईजी के कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सदर डीएसपी 2 कार्यालय निरीक्षण में डीआईजी ने मुफ़सील थानेदार की बड़ी लापरवाही पकड़ी थी ।जिसको लेकर कार्रवाई किया गया है। यहां जब्त सामानों को नष्ट करने की झूठी रिपोर्ट तैयार की जाती थी, पुलिस विभाग में इसे पैकेट डिस्पोजल कहा जाता है। जिसे डीआईजी ने गंभीर मानते हुए थानेदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके पूर्व में डीआईजी द्वारा एक कांड में बिना धरातलीय जांच किए 2 लोगो का साक्ष्य रहने के बाद भी नाम निकालने पर मुफ़सील सर्किल इंस्पेक्टर को निलंबित किया गया था।डीआईजी के कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

# दिवसीय साहित्य महोत्सव में विभिन्न राज्यों के लगभग 150 साहित्यकार सम्मिलित हुए

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** दो दिवसीय बिहार साहित्य महोत्सव का आयोजन बाबू जगजीवन राम राजनीतिक अध्ययन एवं शोध संस्थान सभागार पटना में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अशोक कुमार सिन्हा, एडिशनल डायरेक्टर राज्य संग्रहालय विहार राज्य, श्री भगवती प्रसाद द्विवेदी, अध्यक्ष कार्यक्रम, शिक्षाविद् एवं लोकप्रिय वरिष्ट साहित्यकार बिहार, श्रीमती ऊषा सिन्हा, विशिष्ट अतिथि, पूर्व विधायक एवं वरिष्ट साहित्यकार पटना, श्री सुरेश सोनपुरे, विशिष्ट अतिथि, सुपरिचित कवि एवं सेवा निवृत्त अधिकारी, प्रचार एवं जन संपर्क बी एच ई एल भोपाल ने दीपशिखा प्रज्ववलित कर किया। आयोजक श्री कमल किशोर वर्मा,



वरिष्ट साहित्यकार, श्री नसीम अख्तर जी, चर्चित गजलकार, श्रीमती सीमा रानी, लोकप्रिय गीतकार, एवं किशोर कुमार सिन्हा, ने अतिथियों का अभिनंदन कर उन्हें स्मृति चिह्न एवं सम्मान पत्र भेंट किए। इस गरिमामय दो दिवसीय साहित्य महोत्सव में विभिन्न राज्यों के लगभग 150 साहित्यकार सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि अशोक कुमार सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाषा न सिर्फ संवाद, संप्रेषण के आयाम से महत्वपूर्ण है बल्कि भाषा राष्ट्र की अस्मिता एवं पहचान होती है। उन्होंने विभिन्न संस्मरणों एवं प्रसंगों को प्रस्तुत कर अंतरराष्ट्रीय स्तर भी भाषा की उपयोगिता एवं महत्व के संदर्भ के विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ट साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने समाज में विभिन्न आंचलिक बोलियों, भाषाओं के साहित्य में कमी, असंवेदनशीलता, अरुचिता के प्रति चिंता जाहिर करते हुए कहा कि साहित्यकारों को हिन्दी भाषा के अतिरिक्त क्षेत्रीय भाषाओं में भी अधिकाधिक उत्कृष्ट साहित्य सृजन करना चाहिए। ऊषा सिन्हा ने साहित्य रचना धार्मिता एवं साहित्य के बहु आयामी महत्व पर अपने विचार रखते हुए साहित्य का राष्ट्र निर्माण में क्या योगदान है विषय पर समुचित जानकारी दी। उन्होंने शुद्ध साहित्य लिखना और खास तौर से शुद्ध बोलने की नसीहत दी, उनका कहना था कि आप जैसे बोलेंगे वैसे लिखेंगे, अतः शुद्ध बोलना अत्यावश्यक है। भोपाल से आए सुपरिचित कवि सुरेश सोनपुरे ने तकनीकी क्षेत्रों में भाषा की उपयोगिता, प्रभाव एवं महत्व पर अपने विचार रखे। हिन्दी एवं आंचलिक भाषाओं के विज्ञापन आज व्यवसाय, व्यापार में कितने उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है एवं इस तरह राष्ट्र निर्माण में कितने सहायक है विस्तृत से बताया। दो दिवसीय आयोजन में विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। लोकभाषा एवं आंचलिक बोलियों के विशेष साहित्य सत्र में रचनाकारों ने, भोजपुरी, मगही, अंगिका, मैथिली, बज्जिका, अवधी भाषाओं में उत्कृष्ट रचनाएं सुनाकर कर कार्यक्रम को सार्थक, यादगार बना दिया। पूनम कतरियार ने आंचलिक भाषा, बोलियों पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। कविता सत्र में अधिकत्तम साहित्यकारों ने विभिन्न विषयों पर उत्कृष्ट रचनाएं प्रस्तुत कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मधुरेश जी, प्रदीप कुमार "प्राश", अनामिका सिंह , ब्रजमोहन सिन्हा, सुरेश सोनपुरे, कुमुद साहा, करुणा कुमारी कल्पना, अंजनी प्रसाद दुबे, मीना परिहार, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, डॉ प्रियंका साहा, अजय प्रसाद, अर्चना जी आदि की प्रभावी रोचक प्रस्तुति एवं रचना को खूब सराहा गया। लघुकथा, शोध पत्र, एवं साहित्य से राष्ट्र निर्माण विषय पर परिचर्चा सत्र भी सराहनीय रहे। बलिया के डॉ विद्यासागर उपाध्याय ने वर्तनीगत अशुद्धियों पर अपने विचार व्यक्त किए। ऊषा सिन्हा की पुस्तक "सिरहाने बैठे अहसास" एवं डॉ अभिषेक कुमार के काव्य संग्रह "पुरानी डायरी के चुनिंदा पन्ने" का लोकार्पण किया गया। जिनकी समीक्षा वरिष्ट पत्रकार नलिनी सिंह, वरिष्ट साहित्यकार श्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ब्रज मोहन जी, किशोर सिन्हा ने की। गरिमामय आयोजन में अहमदाबाद के सुपरिचित रचनाकार कवि और साहित्यकार प्रदीप कुमार "प्राश" के अतिरिक्त अन्य साहित्यकारों का भी सम्मान किया गया। गजल सत्र भी सराहनीय रहा। गजल सत्र में अनामिका सिंह की सुमधुर तरन्नुम में गजल गायिकी ने खूब तालियां बटोरी। अंत में अध्यक्ष कमल किशोर वर्मा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

## टीचर्स ऑफ बिहार ने लॉन्च किया ' प्रोजेक्ट शिक्षक साथी '

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार में शिक्षा के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार के सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार ने 'प्रोजेक्ट शिक्षक साथी' की शुरुआत की है। इस परियोजना के तहत राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की योजना बनाई गई है, जिससे शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता, पारदर्शिता और संवाद में सुधार हो सके।

**बांका जिले के 35 वें स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय का वेबसाइट हुआ लॉन्च**-बांका जिले के 35 वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रोन्नत मध्य विद्यालय खड़िहारा उर्दू बालक, प्रखंड बाराहाट, जिला बांका की वेबसाइट लॉन्च की गई। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार (भा.प्र.से.), खेल मंत्री, बिहार सरकार सुरेन्द्र मेहता और स्थानीय विधायक राम नारायण मंडल ने विद्यालय की वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमाकांत






» "प्रोजेक्ट शिक्षक साथी" राज्य के सरकारी विद्यालयों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की अनूठी पहलः- शिव कुमार, फाउंडर, टीचर्स ऑफ बिहार

कुमार भी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार, (भा.प्र. से.) ने कहा कि यह डिजिटल पहल शिक्षा को सुलभ और पारदर्शी बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। इस अभिनव परियोजना की संकल्पना टीचर्स ऑफ बिहार के टेक्निकल टीम लीडर इंजीनियर शिवेंद्र प्रकाश सुमन द्वारा की गई है। उन्होंने न केवल इस परियोजना के अंतर्गत सभी पोर्टल का निर्माण किया है, बल्कि शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से शिक्षकों और छात्रों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

**हर विद्यालय के लिए निःशुल्क वेबसाइट**-'प्रोजेक्ट शिक्षक साथी' के तहत प्रत्येक सरकारी विद्यालय के लिए एक निशुल्क वेबसाइट बनाई जाएगी, जो विद्यालय की सूचनाओं, पाठ्यक्रम, गतिविधियों और शैक्षणिक संसाधनों को ऑनलाइन प्रदर्शित करेगी। इससे विद्यालयों में डिजिटल पारदर्शिता बढ़ेगी और अभिभावकों व छात्रों के लिए सूचनाएँ सुलभ होंगी।

**प्रधानमंत्री पोषण योजना कैलकुलेटर पोर्टल**-परियोजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री पोषण योजना कैलकुलेटर पोर्टल भी विकसित किया गया है, जो विद्यालयों को इस योजना से जुड़े आँकड़ों का सटीक प्रबंधन करने में मदद करेगा। इस कार्य में शिक्षक रिजवान रिजवी और उनके आईआईटियन पुत्र अमीर हम्ज़ा भी सहयोग कर रहे हैं।शिक्षकों के लिए डिजिटल प्रशिक्षण (द्रोणविद्या)शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा में दक्ष बनाने के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। इंजीनियर शिवेंद्र प्रकाश सुमन के नेतृत्व में शिक्षकों को वेबिनार, वर्चुअल क्लासरूम और अन्य डिजिटल टूल्स के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। टीचर्स ऑफ बिहार- द चेंज मेकर्स के संस्थापक शिव कुमार ने बताया कि यदि कोई विद्यालय अपनी वेबसाइट बनवाना चाहता है या किसी डिजिटल आवश्यकता को पूरा करना चाहता है, तो हर जिले में सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की एक तकनीकी टीम इस कार्य में सहयोग करेगी। इसकी जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश सिंह और प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय ठाकुर ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि यह पहल बिहार के शिक्षा तंत्र में डिजिटल क्रांति लाने और शिक्षकों व छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## पूर्व राज्यसभा सांसद अली अनवर अंसारी जदयू छोड़ हुए कांग्रेस में शामिल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ जदयू नेता अली अनवर अंसारी आज अपने पूरे लाव-लश्कर के साथ कांग्रेस में औपचारिक रूप से शामिल हो गए। अनवर 2017 तक नीतीश कुमार के सहयोगी रहे लेकिन नीतीश के भाजपा के साथ गठजोड़ करने से आहत होकर जदयू का दामन छोड़ा था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने अली अनवर एवं उनके दर्जनों सहयोगियों को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता दिलायी, हालांकि इसकी घोषणा पहले दिल्ली में कर दी गई थी। इसके लिए पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डा0 सिंह ने पार्टी में अली अनवर का स्वागत करते हुए कहा कि अनवर साहब एक सामाजिक सरोकार वाले व्यक्ति रहे हैं लेकिन ये नीतीश के मिजाज को भाँप नहीं पाये। राजनीति में ऐसी भूलें हो जाया करती हैं। अली अनवर के कांग्रेस में आ जाने से बिहार कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। अली अनवर ने कहा कि वे मोदी के नफरत के बाजार में राहुल जी की मोहब्बत की दुकान की ओर आकर्षित होने के कारण कांग्रेस का हाथ थामने का निर्णय लिया। अनवर ने शपथ ली कि अपनी बची हुई पुरी जिन्दगी कांग्रेस को मजबूत करने में लगायेंगे। मालूम हो कि अनवर ऑल इडिया पशमांदा मुस्लिम मुसलमानों का संगठन चलाते हैं और मुस्लिम समुदाय के अत्यंत पिछड़े समूहों के बीच काम करते रहे हैं। भाजपा मुसलमानों के इसी समुदाय को लुभाने की कोशिश करती रही है। जाहिर है कि अनवर के कांग्रेस में आने से भाजपा को झटका लगा है। इस मौके पर कृपानाथ पाठक, , ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजकुमार राजन, डा0 अजय कुमार सिंह, लाल बाबू लाल, रीता सिंह, सौरभ सिन्हा, मृणाल अनामय, शशि भूषण राय, सतीश कुमार मंटन, शशि रंजन, राज छविराज, सुदय शर्मा, मो0 कामरान, अब्दुल बाकी सज्जन, राजेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# नियमित रूप से पथ संधारण एकरारनामे की समीक्षा होगीः विजय सिन्हा

### नियमित अंतराल पर पथों की नवीकरण की आवश्यकता देखें अभियंताः विजय सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस



» राज्य में 4700 कि0मी0 पथों का नवीकरण शीघ्र होगाः विजय सिन्हा
» अच्छी स्थिति के पथों का नवीकरण कार्य अगले वर्ष कराया जाएगाः विजय सिन्हा
» संवेदकों को लाभ पहुँचाने के लिए नवीकरण नहीं किया जाएगाः विजय सिन्हा
» विगत एक वर्ष के कार्यों की समीक्षा होगीः विजय सिन्हा

**पटना।** दीर्घकालीन पथ संधारण (ओ0पी0आर0एम0सी0) के तहत राज्य में पथों का सतत् रूप से अनुरक्षण किया जाता है। राज्य में शेरघाटी, मुजफ्फरपुर एवं बांका को छोड़कर शेष सभी जिलों में दीर्घकालीन पथ संधारण (ओ0पी0आर0एम0सी0) नीति के तहत अलग-अलग संवेदकों के साथ एकरारनामा किया गया है। यह एकरारनामा वर्ष 2019 से 2026 तक के लिए प्रभावी है। इसके तहत संबंधित संवेदक को 7 वर्षों तक पथों का नियमित रूप से मरम्मति का कार्य करना है। इसके लिए एक निर्धारित राशि संवेदकों को दी जाती है। एकरारनामे के तहत प्रत्येक चार वर्ष पर पथों का नवीकरण संवेदकों को करना है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि दीर्घकालीन पथ संधारण (ओ0पी0आर0एम0सी0) के कार्यों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गई है। कई जिलों के पथों का विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्थलीय निरीक्षण भी किया गया है। समीक्षा के क्रम में यह बात स्पष्ट हुई है कि चार वर्ष पर पथों का नवीकरण संवेदकों द्वारा किया जाता है। मैंने विभागीय पदाधिकारियों को निदेशित किया है कि जिन पथों की स्थिति अच्छी है, वहाँ नवीकरण पर व्यय होने वाली राशि का भुगतान नहीं किया जाय और उसी राशि से अगले वर्ष नवीकरण करया जाय ताकि अधिक समय तक पथ की स्थिति अच्छी रह सके। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि समीक्षा के क्रम में कुछ ऐसे मामले भी सामने आये हैं जिनमें नवीकरण की आवश्यकता नहीं रहने पर भी अभियंताओं के द्वारा संवेदकों को लाभ पहुँचाने के लिए नवीकरण का कार्य कराया गया है। ऐसे मामलों की गंभीरतापूर्वक जाँच का निदेश अभियंता प्रमुख को दिया गया है। अभियंता प्रमुख को 15 दिनों के अन्दर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि राज्य में दीर्घकालीन पथ संधारण (ओ0पी0आर0एम0सी0) के तहत लगभग 1300 पथ शामिल हैं, जिनकी कुल लम्बाई लगभग 10200 कि0मी0 है। इस योजना पर सात वर्षों के लिए पथों के रख-रखाव हेतु लगभग 6655 करोड़ रुपये व्यय किये जा रहे हैं। मुख्य अभियंता, (ओ0पी0आर0एम0सी0) को इस संबंध में जिलाबार पथों की स्थिति के संबंध में एक सप्ताह के अन्दर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि राज्य में 4700 कि0मी0 पथों का शीघ्र नवीकरण किये जाने का निदेश अभियंताओं को दिया गया है, साथ ही अन्य पथों के संबंध में भी स्थलीय निरीक्षण कर 15 दिनों में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि राज्य के आमजनों को सुगम यातायात उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। दीर्घकालीन पथ संधारण (ओ0पी0आर0एम0सी0) नीति के तहत सभी पथों का नियमित रूप से अनुश्रवण आवश्यक है ताकि ससमय पथों की मरम्मति का कार्य आवश्यकतानुरूप किया जा सके। इस योजना के तहत संवेदकों को एक निश्चित राशि प्राप्त हो जाती है। अभियंताओं का दायित्व है कि वे पथों का निरीक्षण नियमित रूप से करें और आवश्यकतानुसार संवेदकों से पथों की मरम्मति कराना सुनिश्चित करें। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के मार्गदर्शन में पथ निर्माण विभाग विकसित बिहार के सपने को साकार करने में अपनी भूमिका निभा रहा है। आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में प्रगति के लिए सुगम यातायात आवश्यक है। पथ निर्माण विभाग इस दिशा में नियमित रूप से कार्य कर रहा है।

## जद(यू0) प्रदेश कार्यालय में मनोनयन पत्र वितरण सह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर विस्तारित बैठक का हुआ आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

» प्रदेश की आधी आबादी जद(यू0) का मुख्य आधार हैः उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना।** शुक्रवार को जद (यू0) प्रदेश कार्यालय, पटना में पार्टी की महिला प्रकोष्ठ द्वारा मनोनयन पत्र वितरण सह ''अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस'' पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर विस्तारित तैयारी बैठक किया गया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन की सफलता हेतु गहन चर्चा हुई एवं कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। इसके साथ ही जद(यू0) महिला प्रकोष्ठ की नव मनोनीत प्रदेश पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा गया। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के जल-जीवन-हरियाली योजना से प्रेरित होकर महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सह प्रवक्ता डॉ0 भारती मेहता ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को उपहार स्वरूप पौधा भेंट किया। इस दौरान पार्टी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि आधी आबादी जनता दल (यू0) का आधार स्तम्भ है। हमारे नेता एवं हमारी पार्टी को प्रदेश की महिलाओं का विशेष समर्थन हमेशा से मिलता रहा है। इसकी मुख्य वजह है माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के द्वारा बीते 19 वर्षों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए अनेकों काम। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2025 में 225 सीटों पर जीत दर्ज करने हेतु महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होगी इसलिए महिला प्रकोष्ठ से पार्टी को अत्यधिक अपेक्षा है। साथ ही उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन को भव्य बनाने पर भी खासा जोर दिया और कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर 8 मार्च के दिन आधी आबादी की ताकत को प्रदर्शित करना हैं। माननीय विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष श्री ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के द्वारा महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय काम किए गए हैं। देश के अन्य राज्यों के लिए हमारा बिहार आज मिसाल बनकर उभरा है। वहीं, राजद के शासनकाल में प्रदेश की महिलायें घुटन महसूस करती थी। जद(यू0) महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सह प्रवक्ता डॉ0 भारती मेहता ने नवमनोनीत प्रदेश पदाधिकारियों को स्वर्णिम एवं सफल कार्यकाल की बधाई और शुभकमानयें दी। उन्होंने कहा कि बीत 19 वर्षों में बिहार की महिलायें सबल और सशक्त हुई है, इसका एकमात्र श्रेय हमारे नेता श्री नीतीश कुमार को जाता है। उन्होंने कहा कि 8 मार्च को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम ऐतिहासिक और भव्य होगा। इस मौके पर माननीय विधानपार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रकोष्ठों के प्रभारी प्रो0 नवीन आर्य चंद्रवंशी, श्रीमती उषा सिन्हा, श्रीमती पूजा एन शर्मा, श्रीमती मधु कुमारी, श्रीमती राज कुमारी विभु, श्रीमती यास्मिन खान, श्रीमती शोभा देवी, श्रीमती विक्रमशीला यादव, श्रीमती संगीता यादव, श्रीमती मालती देवी, डॉ0 पूनम देवी सहित महिला प्रकोष्ठ की कई पदाधिकारीगण मौजूद रही।

## दानापुर और चर्लपल्ली (हैदराबाद) स्टेशनों के मध्य 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नई सोच एक्सप्रेस

**हाजीपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर पटना-झाझा-आसनसोल-खड़गपुर- भुवनेश्वर-विजयवाड़ा के रास्ते दानापुर और चर्लपल्ली (हैदराबाद) स्टेशनों के मध्य 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी सं. 07749/07750 चर्लपल्ली-दानापुर-चर्लपल्ली स्पेशल - दिनांक 22.02.25 को चर्लपल्ली एवं दानापुर से एक-एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । गाड़ी सं. 07750 दानापुर-चर्लपल्ली स्पेशल दानापुर से 22.02.25 को 15.30 बजे खुलकर 24.02.25 को 08.15 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी । इसी तरह गाड़ी सं. 07749 चर्लपल्ली-दानापुर स्पेशल दिनांक 22.02.25 को चर्लपल्ली से 09.30 बजे खुलकर 24.02.25 को 02.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । गाड़ी सं. 07751/07752 चर्लपल्ली-दानापुर-चर्लपल्ली स्पेशल - दिनांक 23.02.25 को चर्लपल्ली एवं दानापुर से एक-एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । गाड़ी सं. 07752 दानापुर-चर्लपल्ली स्पेशल दानापुर से 23.02.25 को 15.30 बजे खुलकर 25.02.25 को 08.15 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी । इसी तरह गाड़ी सं. 07751 चर्लपल्ली-दानापुर स्पेशल दिनांक 23.02.25 को चर्लपल्ली से 09.30 बजे खुलकर 25.02.25 को 02.00 बजे दानापुर पहुंचेगी ।

## संक्षिप्त समाचार

### दो शराब कारोबारी गिरफ्तार

**सुगौली**। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 60 लीटर देसी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी थाना अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने दी उन्होंने ने बताया कि अलग-अलग जगह से दो कारोबारी के पास से 60 लीटर देसी शराब जप्त की गई है। कारोबारी की पहचान मेहवा गांव निवासी अवधेश साहनी, श्रीपुर के भटौलिया गांव निवासी ओमप्रकाश महतो को गिरफ्तार किया गया है दोनों को जेल भेज दिया गया।

### समाहर्ता के समक्ष संयुक्त प्रदर्शन करेगी सीपीआई

**छपरा** । सीपीआई तथा सीपीआई (एम) सारण समाहर्ता के समक्ष संयुक्त प्रदर्शन करेगी । इस आशय का फैसला दोनों दलों के संयुक्त बैठक में लिया गया।सीपीआई तथा सीपीआई (एम) के संयुक्त राज्यव्यापी आह्वान के तहत यह प्रदर्शन आवास विहीन लोगों को मुफ्त जमीन और पक्का मकान मुहैया कराने, भूमि अधिग्रहण के नाम पर गरीबों को उजड़ना बंद करने, फसल बीमा लागू करने और कृषि ऋण माफ करने, चिन्हित 94 लाख परिवारों को 2 लाख रुपए सहायता राशि प्रदान करने, भ्रष्टाचार और अफसरशाही पर रोक लगाने,दलितों अकलियतों और महिलाओं पर अत्याचार बंद करने,15 किलो प्रति व्यक्ति राशन मुहैया कराने तथा 200 यूनिट बिजली फ्री करने आदि मांगो को लेकर आयोजित होगा। सीपीआई के जिला कार्यालय मंजर रिज़वी भवन सलेमपुर छपरा मे आयोजित इस बैठक को सीपीआई राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र सौरभ तथा सीपीआई (एम) के राज्य सचिवमंडल सदस्य अहमद अली ने संबोधित किया। बैठक मे सीपीआई के जिला सचिव रामबाबू सिंह, सीपीआई एम के जिला सचिव बटेश्वर महतो के अलावे सीपीआई के नागेन्द्र राय, सुरेश वर्मा, डॉ वीरेन्द्र सिंह, दिलीप वर्मा तथा सीपीआई एम के शिवशंकर प्रसाद, दलन यादव आदि उपस्थित थे।

### बुद्धनगर भरतखण्ड में संतमत सत्संग की तैयारी



**खगड़िया**। खगड़िया जिले के परबत्ता प्रखंड के सौ ढ उत्तरी पंचायत के बुद्धनगर भरतखण्ड गांव में संतमत सत्संग की तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम का भव्य आयोजन 24 और 25 फरवरी को महर्षि मेही आश्रम बुद्धनगर भरतखण्ड के प्रांगण में होगा। विराट आयोजन की तैयारी में संतमत के अनुयाई और ग्रामीण जुटे हुए हैं। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि बुद्धनगर भरतखण्ड के मुख्य मार्ग रोड नंबर 14 से सटे महर्षि मेही आश्रम के बगल में भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार और आयोजन समिति के सदस्य जयप्रकाश महतो ने बताया कि इस संतमत सत्संग में महर्षि मेही आश्रम कुप्पाघाट से गुरुसेवी भागीरथ दासजी महाराज और स्वामी नरेशानंद बाबा का पदार्पण होगा। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार और जयप्रकाश महतो ने बताया कि प्रातः 6 बजे से भजन कीर्तन, स्तुति, ग्रन्थ पाठ, प्रवचन एवं आरती होगी। जबकि अपराह्न 2 बजे से भजन कीर्तन, स्तुति ग्रन्थ पाठ, प्रवचन एवं आरती होगी। शिक्षक सिद्धार्थ ने यह भी बताया कि यहां पर हजारों सत्संग प्रेमियों के ठहराव और भोजन का भी व्यवस्था की जा रही है। सत्संग प्रेमियों के लिए बुद्धनगर गांव के युवा टीम को सुरक्षा हेतु एवं उनके सुदृढ़ विधि व्यवस्था हेतु कमिटी तैयार की गई है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि दो दिवसीय सत्संग के दौरान कमिटी के सभी सदस्य पूरी निष्ठापूर्वक अपनी भूमिका के अनुसार सत्संग प्रेमियों का मदद करेंगे एवं देखरेख करेंगे। सत्संग को सफल बनाने में शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, जयप्रकाश महतो, विपिन महतो, बबलू महतो, मनोज कुमार मनु, जयप्रकाश शर्मा, सत्यनारायण महतो और बुद्धनगर भरतखण्ड के सत्संग समिति के पदाधिकारी और ग्रामीण दिन रात लगे हुए हैं।

### पुराने मामले मे तीन वारंटी गिरफ्तार




**समस्तीपुर/पूसा**। वैनी थाना क्षेत्र स्थित तीन अभियुक्त को पुराने मारपीट के सिलसिले में न्यायालय द्वारा (वारंटी ) मो० फहीम पिता - स्व० मो०रहीम निवासी शाहपुर बघौनी मो० समद पिता -स्व० मो० मोती निवासी शाहपुर बघौनी मो० कमर पिता-स्व० मो० मोती निवासी-शाहपुर बघौनी को गिरफ्तार करते हुए कानूनी प्रक्रिया को पूरी करते हुए, सरकारी वाहन द्वारा पुलिस अभिरक्षा में वैनी थाना अध्यक्ष आनंद शंकर गौरव ने सदर न्यायलय भेजा।इस समाचार की पुष्टि वैनी थाना अध्यक्ष ने किया।

### उत्क्रमिक उच्च माध्यमिक विद्यालय राजघाट नवादा के नवनिर्मित भवन का विधायक ने किया उद्घाटन



**फुलवारी शरीफ**। फुलवारी विधानसभा अंतर्गत उत्क्रमिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजघाट नवादा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन स्थानीय विधायक एवं स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष गोपाल रविदास के द्वारा फीता काटकर किया गया.इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की सचिव एवं प्रधानाचार्य श्वेता भारती भी उपस्थित रहीं. इसके साथ ही, नवनिर्मित विद्यालय भवन के प्रांगण में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का शिलापट्ट भी विधायक द्वारा अनावरण किया गया उन्होंने विद्यालय में उपस्थित छात्रों को संविधान की प्रस्तावना पढ़कर शपथ भी दिलाई. विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि हमारा प्रयास है कि फुलवारी विधानसभा के सभी उच्च विद्यालयों में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का शिलापट्ट लगाया जाए, ताकि छात्र विद्यालय में आते ही इससे रूबरू हों और इसे अपने दैनिक जीवन में आत्मसात कर सकें.चूँकि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है, इसलिए संविधान की प्रस्तावना को विद्यालय में प्रार्थना के पश्चात प्रतिदिन सभी छात्रों को पढ़ना चाहिए.

### जनसुराज महिला अध्यक्ष हुसना खातून और राजद नेता खुर्शीद मलिक के निधन पर शोक सभा



**मुंगेर**। जनसुराज स्टेट कोर कमिटी सदस्य जनाब मोहम्मद शहाब मलिक जी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दोनों के परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की और उनके परिजनों को धैर्य रखने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने दोनों की मगफरत की दुआएं भी कीं। मोहम्मद शहाब मलिक जी ने कहा कि हुसना खातून और खुर्शीद मलिक के निधन से समाज और इलाके को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होंने दुआ की कि अल्लाह उन्हें जन्नतुल फिर्दोस में जगह दे। इस मौके पर जन सुराज के प्रवक्ता, मौलाना रहमतुल्लाह रहमानी, फेमुल हसन, मोहम्मद दराज, मोहम्मद नुमान अख्तर मोहम्मद सैफ और अन्य लोग मौजूद थे।

# बिजली की समस्या से पंचायत राज कुबौलीराम के उपभोक्ता हुआ परेशान

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर/पूसा**। समस्तीपुर जिले के लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत, पूसा प्रखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायतराज कुबौलीराम की जनता, पंचायत के मुखिया बिजली के जर्जर तार, खराब ट्रांसफार्मर, लो वोल्टेज इश्यू सहित कई समस्याओं को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों के पास आवेदन दे-दे कर परेशान हो चुके हैं। विभागीय कर्मचारी, जिम्मेवार अधिकारियों के कान पर जू तक नहीं रेंगता। बिधुत सहायक अभियंता बिधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय, पूसा समस्तीपुर को कुबौलीराम कि वार्ड 4 की जनता, बिद्युत उपभोक्ता घनी आबादी परिक्षेत्र में पूर्व कई दशकों पहले सिंगल फेज सप्लाई तार को दुरुस्त करने पूराने जर्जर एवं कौभर तार LT को नया लगाने के लिए आवेदन दिया था। आवेदन में 07/07/2020 में भी समस्या को लेकर आवेदन देने की बात कही गई है। आवेदन दिए सालों बीत जाने के बाद भी किसी तरह की व्यवस्था नहीं बदलने पर जनता में आक्रोश होने की भी बात कही गई है। इधर आदर्श ग्राम पंचायत राज कुबौलीराम पंचायत के मुखिया रामबाबू सिंह ने भी विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत आपूर्ति अंचल कार्यालय समस्तीपुर को पत्रांक 08 दिनांक22/12/2024 में पत्र जारी कर पंचायत के वार्ड 4 के बिजली कि समस्या से अवगत कराते हुए एव समाधान करने की बात कही है। मुखिया रामबाबू सिंह ने निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि 25 साल से अधिक के राजनीतिक अनुभव में इसे बेकार स्थिति कभी नहीं देखा किसी भी विभाग के अधिकारी पदाधिकारी किसी भी काम को ना तो देख रहे हैं ना ही सुन रहे हैं। बिजली विभाग इन सब में अव्वल है। जितनी भी सरकारी एजेंसियां हैं सारे काम में लापरवाही कर रही है। उन्होंने पंचायत में पानी सहित कई अन्य समस्याओं को भी रखा। पूछे जाने पर संबंधित विद्युत अभियंता ने बताया कि काम को एजेंसी को दिया जा चुका है, बहुत जल्द ही काम को पुरा कर लिया जाएगा।

## विभागीय लापरवाही से विशिष्ट शिक्षकों को नही मिल रहा वेतन : समरेंद्र



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि नियोजित शिक्षकों को प्रत्येक महीने के पहले सप्ताह में वेतन मिल जाया करता था। वहीं इस बार फरवरी माह बीतने जा रहा है लेकिन जनवरी का वेतन अभी तक नहीं मिल सका है और कब तक मिलेगा, यह भी स्पष्ट नहीं है। ऐसे में अब इन शिक्षकों के सामने वेतन को लेकर बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।इसी क्रम में विभाग ने आदेश दिया है कि जब तक वेतन निर्धारण नही होता तब तक शिक्षकों को मूल वेतन ही प्राप्त होगा।लगभग दो माह बीतने को है परंतु विभाग द्वारा अब तक न प्राण नम्बर जेनरेट किया गया है और न ही वेतन निर्धारण किया गया है,जिससे शिक्षकों मे आक्रोश है। शिक्षक नेता ने सरकार से शीघ्र प्राण जेनरेट करते हुए वेतन निर्धारण की प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग की। इस मौके पर शिक्षक नेता संजय यादव,इंद्रजीत महतो,हवलदार मांझी,विनोद राय,निजाम अहमद, पीयूष तिवारी,अनुज यादव,फिरोज इकबाल,रणजीत सिंह,संतोष कुमार सिंह,निर्मल पांडेय,अनिल दास,बलराम यादव,प्रीतम वर्मा,सुमन कुशवाहा, विनोद विद्यार्थी, विनायक यादव उपस्थित थे।

## 27 फरवरी को जनसुराज के कार्यक्रम में भागीदारी करे सुनिश्चित : युवराज



जनसुराज के अनुमंडल संयोजको के साथ युवराज

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**।अमनौर में शुक्रवार को अनुमंडल स्तर के पदाधिकारियों की बैठक अभियान समिति के प्रदेश सदस्य तथा सारण प्रभारी प्रियरंजन युवराज के नेतृत्व में की गई। युवराज ने कहा कि आजादी हमें एक साथ मिला मगर विकास के मामले में बिहार आज भी पिछड़ा है। इसका मूल कारण है अयोग्य नेताओं का चयन एवं सत्ता में भागीदारी जो हमारी समस्याओं पर ध्यान नही देते हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता बदलाव के लिए जनसुराज के पक्ष में मतदान के लिए तैयार है। इस बैठक में सर्वसम्मति से जिले के तीनों अनुमंडल सोनपुर,मढ़ौरा एकमा में क्रमशः 23,24 एवं 25 फरवरी को प्रखण्ड संयोजकों के साथ आगामी 27 फरवरी को पटना में बैठक को सफल बनाने पर चर्चा होगी। इस बैठक में जनार्दन सिंह,रमेश गिरी,नीलेश सिंह,तनुज सौरभ उपस्थित थे।

# 100 साल में पहली बार संघ के नेतृत्व में महिलाएं

नई सोच एक्सप्रेस

» 2025 में संघ सह कार्यवाह सह और सह सरकार्यवाह महिलाएं होगी



नारी शक्ति की भूमिका महिलाओं की ...

**फतुहा**। भाजपा कार्यालय रामचंद्र नगर फतुहा में एक बैठक का आयोजन किया गया गया जिसका अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, संचालन रेखा शर्मा एवं मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल, भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी। मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी नारायण ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में जल्द ही सह कार्यवाह (महासचिव) और सर कार्यवाहक 'सचिव 'पद की जिम्मेदारी महिलाओं को मिल सकती है। संघ की स्थापना की 24 वर्षगांठ 2025 तक राष्ट्रीय सेविका समिति में शामिल महिलाओं को संघ में लाया जा सकता है संघ के 97 साल के इतिहास में कोई महिला इस पद पर नहीं रही है सूत्रों का कहना है कि महिलाओं को प्रमुख पदों की नियुक्ति देने पर संघ में सहमति बन चुकी है इसी को देखते हुए पहली बार नागपुर में संघ के दशहरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पर्वतारोही संतोष यादव को आमंत्रित किया गया है संतोष यादव पहली महिला होगी जो इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होगी संघ के सामने कई बार यह प्रश्न उठता रहा है। इस संगठन के ढांचे में शीर्ष स्थान पर महिलाएं क्यों नहीं है। लिहाजा संघ में सहमति बनी है कि सह कार्यवाह और सह कार्यवाहक की जिम्मेदारी महिलाओं को दिया जाना चाहिए। आने वाले समय में राष्ट्रीय सेविका समिति से जुड़ी स्वयं सेविकाओं संघ में आने का मौका मिलेगा। संघ में 1936 से अहम भूमिका निभा रही महिलाएं। संघ की स्थापना के 11 साल बाद 1936 से संघ में महिलाएं अहम भूमिका निभा रही है महिलाओं के लिए बाल सखा, तरुण शाखा, और राष्ट्रीय सेविका समिति है देश भर में राष्ट्रीय सेविका समिति की 3500 सौ से अधिक शाखाएं हैं वर्तमान में शांतक्का इसका प्रमुख है। संतोष यादव एवरेस्ट एवरेस्ट दो बार फतह कर दुनिया की पहली महिला बनी। राष्ट्रीय सेविका समिति सुषमा स्वराज से सुमित्रा तक जुड़ीरही। राष्ट्रीय सेविका समिति से जुड़ी महिलाएं भाजपा में प्रमुख पदों पर पहुंची है। सुषमा स्वराज और सुमित्रा महाजन जैसी महिलाएं सेविका संघ से जुड़ी थी व सरकार में उच्च पदों पर पहुंची ।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह

मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## गार्गी नारी शक्ति सम्मान 2025

नई सोच एक्सप्रेस



**जाग रहा बिहार हो रहा नारी सम्मान। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर 9 मार्च को पटना के जे डी वीमेंस कॉलेज में गार्गी उत्कृष्टता सम्मान को आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की गार्गी अध्याय की मुख्य कॉर्डिनेटर डा प्रीतिबाला के नेतृत्व में और आईपीएस विकास वैभव के मार्गदर्शन में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित।**

**लेटस इंस्पायर बिहार स्थापना के आरम्भ में ही तेज तर्रार आईपीएस विकास वैभव ने अभियान को कई अध्याय में बांट कर अपनी दूरदृष्टि का परिचय दे दिया। मुख्य कॉर्डिनेटर के रूप में यह कहते हुए हर्ष होता है कि गार्गी अध्याय अभियान का प्रमुख अध्याय है। कई सफल आयोजनों के साथ 19 स्थानों पर गार्गी पाठशाला चला कर गार्गी की बहनों ने अभूतपूर्व, अनुकरणीय और सराहनीय उदाहरणों को प्रस्तुत कर अपनी मातृभूमि बिहार के प्रति सकारात्मक भाव, जज़्बे और क्षमता को प्रस्तुत किया हैं।**

कुछ अच्छा होता है तो हृदय से यह भाव निकलता है कि कुछ बेह्तरीन हो रहा है। जिस प्रकार से, गार्गी की तमाम बहनों ने विगत 4 वर्षों में निःस्वार्थ सेवा भाव को प्रस्तुत किया वो अविस्मरणीय है। खंड खंड में बट चुके बिहार के समाज को एक करने का प्रयास आईपीएस विकास वैभव ने किया है। बहुत नजदीक से इस भाव को देखता हूँ कि उन्होंने क्षमता और योग्यता के साथ-साथ अभियान में चयनित करते समय लोगों के मातृभूमि अपने बिहार के प्रति प्रेम को भी देखा। जब भी अभियान के गार्गी की बहनों के विषय में लिखना आरम्भ करता हूँ तो आँखों में चमक और मन में भाव शुद्धता का स्वतः हो जाता है। जिस प्रकार से, सुन्दरता से अपने घर को सम्भालने का कर्तव्य निभाते हुए अपनी धरा के लिए समय निकालकर सुन्दर रचनात्मक कार्यों को गार्गी की बहनें करती है वो सभी के लिए उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। बिहार के 19 स्थानों पर गार्गी पाठशाला चलाकर उन्होंने अपनी कुशलता को साबित कर दिया हैं और, यह साबित किया कि छोटे छोटे प्रयास ईमानदारी से किया जाए, तो बिहार के समाज में व्यापक बदलाव लाया जा सकता है। गार्गी पाठशाला में स्लम के गरीब बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, उन बच्चों की क्षमता को निखार कर उनमें आत्मविश्वास भरने का नेक कार्य गार्गी की बहनों ने किया हैं। कड़ाके की ठंड में कंबल बांटना हो या भीषण गर्मी शीतल पेय या त्यौहारों पर ग़रीबों को उपहार और मिठाइयाँ सभी जगहों पर गार्गी की बहनों को मुस्तैदी से खड़ा पाता हूं। हर वर्ष गार्गी की बहनों के द्वारा बिहार में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाता रहा है। विद्यापति भवन में 150 महिलाओं को 2023 में और जे डी वीमेंस कॉलेज में वर्ष 2024 में 150 महिलाओं को सम्मानित कर गार्गी की बहनों ने महिलाओं के हौसले को बुलन्द करने का कार्य किया था। उसी क्रम में 9 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्टता सम्मान का आयोजन कर रही है। यह सम्मान महिलाओं के लिए आत्मगौरव का विषय है क्योंकि, यह सम्मान बिहार के ओजस्वी, ईमानदार और तेज़ तर्रार आईपीएस विकास वैभव के हाथों से पाएँगी। अपने आसपास और रिश्तेदारों को गर्व से सम्मान के विषय में जानकारी देंगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने और गार्गी की बहनों के हौसले में वृद्धि हेतु सभी पत्रकार बंधुओं से आग्रह कर रहा कि कार्यक्रम की प्राथमिकता जरूर देते हुए, ईमानदार विचार को विचारधारा में तब्दील करने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

**जय हिंद जय बिहार राहुल कुमार सिंह, मुख्य कॉर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान**

## राशन कटौती पर भड़के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली** । डीलर द्वारा राशन की कटौती की जाने की शिकायत पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह जेडीयू नेता अली हसन शुक्रवार को इसकी जांच करने डीलर के दुकान पर पहुंचे। जहां राशन की उठाओ उपभोक्ता द्वारा किया जा रहा था ।तो उन्होंने उपभोक्ताओं से पूछा कि राशन कितना मिल रहा है। तो उपभोक्ताओं ने बताया कि प्रत्येक यूनिट पर 500 ग्राम राशन की कटौती की जा रही है। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि ने इस बारे में विस्तार से डीलर से पूछताछ की तो डिलर ने कहा कि गोदाम से ही कम राशन मिलता है जिसके चलते राशन की कटौती की जाती है। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि भड़क गए। उन्होंने कहा कि किसी यूनिट पर राशन की कटौती नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में प्रखंड के अधिकारी सहित जिले के अधिकारी से भी बात किया जाएगा,कि किस कारण से राशन की कटौती गरीबों के साथ हो रही है उन्होंने कहा कि इसके लिए विभागीय पत्र भी लिखा जाएगा। उन्होंने गोदाम में जाकर भी इसकी जानकारी लेने के बारे में प्रयास किया लेकिन गोदाम में अधिकारी के नहीं रहने के कारण जानकारी नहीं मिल सकी।

## महाकुंभ स्नान हेतु स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, रेलवे एवं स्थानीय प्रशासन अलर्ट

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।** महाकुंभ के पावन अवसर पर प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। सीमावर्ती रेलवे स्टेशन जयनगर से हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन प्रयागराज के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। नेपाल एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में यात्री यहां पहुंच रहे हैं। यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाने हेतु स्थानीय प्रशासन एवं रेलवे विभाग पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) एवं एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) के जवान यात्रियों को ट्रेनों में सुचारू रूप से बैठाने और व्यवस्था बनाए रखने में सहायता कर रहे हैं। प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं चलाई जा रही हैं। गुरुवार को 18 जनरल बोगियों वाली स्पेशल ट्रेन दोपहर 5 बजे जयनगर से रवाना हुई। यात्रियों की भीड़ को सुव्यवस्थित करने के लिए प्लेटफार्म-1 पर रस्सी से बैरिकेडिंग की गई, जिससे यात्रियों को क्रमबद्ध रूप से डिब्बों में बैठाया जा सके। महाकुंभ का समापन आगामी 26 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन होगा, जिसके चलते मिथिला क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाने की इच्छा रखते हैं। प्रशासन ने अनुमान लगाया है कि अगले कुछ दिनों तक श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि हो सकती है। रविवार को भीड़ नियंत्रण के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा भी विशेष सहयोग प्रदान किया गया। आरपीएफ के तैनात जवानों ने यात्रियों को ट्रेन में चढ़ाने में सहायता की और भीड़ को व्यवस्थित करने में सक्रियता दिखाई। रेलवे प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन सभी श्रद्धालुओं से संयम और अनुशासन बनाए रखने की अपील करता है, ताकि यात्रा सुखद और सुरक्षित बनी रहे।

## सीतामढ़ी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में हुआ अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**सीतामढ़ी**। सीतामढ़ी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सीतामढ़ी में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अपनी अस्मिता की सुरक्षा के लिए मातृभाषा को जीवित रखना बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर तथा तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं की भागीदारी रही। मैकेनिकल के छात्र अमित ने "अइसन आपन है बिहार" पर नृत्य प्रस्तुत किया तो सुजैन, अन्नू, काजल, अस्मिता और श्वेता ने अवधी , पंजाबी और गुजराती लोकनृत्यों की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। सीएसई की छात्रा दुर्गा ने मैथिली तो आदित्य ने राजस्थानी गीत गाकर समां बांध दिया। आशुतोष, रौशन और चिंटू गिरी ने पीपीटी के माध्यम से बिहार की भाषा और संस्कृति की झलक प्रस्तुत की तो आयुष और घनश्याम ने उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता तथा भाषा व रहन - सहन को दर्शाया। भाषण में कामरान और शाहज़ैब ने अपनी मातृभाषा उर्दू, राहुल ने भोजपुरी, कंचन और मनोज ने मैथिली, आयुष ने संस्कृत, आयुषी ने अंग्रेजी और खुशबू ने हिंदी भाषा में अपनी अभिव्यक्ति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही कला की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें विभिन्न भाषाओं की लिपियां, हस्त कलाएं, मधुबनी चित्र और बिहार की सांस्कृतिक विरासत की प्रस्तुति थी। मंच संचालन एआईएमएल के छात्र धर्मराज ने किया । इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक सुशील कुमार तिवारी, जिज्ञासा, अंशुमाला, मिथिलेश मांझी एवं इवेंट कॉर्डिनेटर डॉ आरती कुमारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कैंपस एक्टिववियर ने लॉन्च किया 'मूव यॉर वे' कैंपेन का दूसरा चरण

**पटना।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने आज जाने-माने भारतीय अभिनेता विक्रांत मैसी के साथ ब्राण्ड के कैंपेन 'मूव यॉर वे' के दूसरे चरण की शुरूआत की है। कैंपेन की पहली फिल्म की शानदार सफलता के बाद यह दूसरी फिल्म आत्मविश्वास के साथ अपने व्यक्तिगत अंदाज़ को अपनाने का संदेश देती है। यह फिल्म फैशन विकल्पों के माध्यम से दर्शकों को अपने जुनून और अनूठी यात्रा को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह भावनाओं की अभिव्यक्ति को प्रेरित कर दर्शकों को याद दिलाती है कि जब हम प्रमाणिकता के साथ जीवन में आगे बढ़ते हैं, जो यह हमें पुरस्कृत करने का तरीका खोज ही लेता है। फिल्म की शुरूआत ऐसे दृश्य के साथ होती है जिसमें विक्रांत मैसी आत्मविश्वास के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग में हैं। मीटिंग के दौरान उनकी मुलाकात दो निवेशकों से होती है, जो उनके सामने आकर्षक प्रस्ताव रखते हैं, वहीं विक्रांत अपने विचारों में खोए, कमरे में चहलकदमी नज़र आते हैं। निवेशक निडर होकर अपने प्रस्ताव रखते हैं, इक्विटी, अपनी खुद की स्पोर्ट्स कार, पेंटहाउस और यहां तक कि क्रिप्टोकरेन्सी जैसे आकर्षक प्रस्ताव पेश करते हैं। भावनाओं की अभिव्यक्ति का शक्तिशाली प्रदर्शन करते हुए विक्रान्त सहजता और आत्मविश्वास को दर्शाते हैं। उनके स्टाइलिश कैंपस जूतों की ओर इशारा करते हुए वे कहते हैं "डैम गुड शूज़, यार!" यह अप्रत्याशित कदम निवेशकों को चौंका देता है, उनमें दिलचस्पी उत्पन्न कर अनूठी छाप छोड़ जाता है। फिल्म एक शक्तिशाली संदेश के साथ समाप्त होती है, 'व्हेन यू मूव यॉर वे, द वर्ल्ड मूव्स विद यू।

### टाटा म्यूचुअल फंड ने पटना में नई शाखा खोलकर बिहार में बढ़ाई अपनी उपस्थिति

**पटना।** टाटा एसेट मैनेजमेंट की पटना में औसत प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एएयूएम) जनवरी 2025 तक बढ़कर लगभग 958 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में 46% अधिक है। इसमें इक्विटी, डेट, बैलेंस्ड फंड और ईटीएफ (नकदी सहित) में निवेश शामिल हैं। कंपनी की पटना में खोली गई नई शाखा का पता है - टाटा एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, को-वर्किंग स्टूडियो, कंकड़बाग, ए/3, पी सी कॉलोनी रोड, आरबीआई फ्लैट्स कॉलोनी, बैंकमैन कॉलोनी, पटना, बिहार - 800020 । इसका उद्घाटन हेमंत कुमार ने किया। यह शाखा सोमवार से शनिवार तक सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुली रहेगी। पटना में खुली यह शाखा, धन प्रबंधन और दीर्घकालिक निवेश योजना पर मार्गदर्शन चाहने वाले लोगों, परिवारों और व्यवसायों को मदद करेगी। म्यूचुअल फंड उत्पादों और व्यक्तिगत वित्तीय समाधानों के व्यापक समूह के साथ टाटा म्यूचुअल फंड का लक्ष्य है, निवेशकों को आत्मविश्वास के साथ बाज़ार चक्रों (मार्केट साइकिल) से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी और तरीकों से लैस करना। टाटा एसेट मैनेजमेंट के मुख्य वितरण और डिजिटल अधिकारी, हेमंत कुमार ने इस शाखा के खोले जाने पर अपनी टिप्पणी में कहा, "हमें इस अपार विकास क्षमता वाले शहर में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर खुशी हो रही है। यह रणनीतिक कदम बिहार में निवेशकों को सुलभ, दीर्घकालिक धन-सृजन के अवसर और बेहतर वित्तीय साक्षरता प्रदान करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।"

### एमजी विंडसर के 15,000वें वाहन के उत्पादन की महत्वपूर्ण उपलब्धि का मनाया जश्न



**पटना।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने घोषणा की कि एमजी विंडसर, भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी, ने 15,000 यूनिट्स के उत्पादन का महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर लिया है। सीयूवी लॉन्च के बाद लगातार चार महीने (अक्टूबर 2024 – जनवरी 2025) तक सबसे अधिक बिकने वाला इलेक्ट्रिक वाहन रहा और इसने भारत में ईवी सेगमेंट की समग्र वृद्धि में योगदान दिया है। इस अवसर पर बीजू बालेंद्रन, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा, "एमजी विंडसर को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया से हम बेहद उत्साहित हैं और अपने ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी बदौलत हम 15,000 यूनिट के उत्पादन का महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर सके। सीयूवी को इसकी किफायती कीमत, बेहतरीन पैकेजिंग और ग्राहकों को लग्जरी बिजनेस-क्लास अनुभव प्रदान करने के लिए व्यापक रूप से सराहा गया है। बीएएएस, बायबैक प्रोग्राम और लाइफटाइम वारंटी जैसी स्मार्ट योजनाओं ने इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति उपभोक्ताओं के विश्वास को और मजबूत किया है। हम अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तेजी से उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।"

### पुलिस ने जारी किए होटल, लॉज, अतिथिगृह एवं विवाह स्थलों के लिए नए दिशा-निर्देश



**जहानाबाद।** स्थानीय पुलिस प्रशासन ने जिले के सभी होटल, लॉज, अतिथिगृह और विवाह स्थलों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह कदम सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से उठाया गया है। पुलिस के निर्देशानुसार सभी होटल और विवाह स्थलों पर प्रवेश द्वार रिसेप्शन, निकास द्वार, कॉरिडोर और पार्किंग स्थल सहित सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। यह कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहने चाहिए और कम से कम 30 दिनों तक रिकॉर्डेड डाटा स्टोरेज में सुरक्षित रहना चाहिए। प्रत्येक अतिथि का सत्यापन अनिवार्य होटल में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति को आधार कार्ड और स्थायी पते के प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। इसके अलावा, प्रत्येक अतिथि का मोबाइल नंबर सहित संपूर्ण विवरण एंट्री रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य होगा। यदि कोई विदेशी नागरिक होटल में ठहरता है, तो 24 घंटे के भीतर इमिग्रेशन सर्टिफिकेट की ऑनलाइन वेबसाइट पर जमा करना आवश्यक होगा। इसके साथ ही इसकी सूचना स्थानीय थाना को भी देनी होगी। इस नियम का उल्लंघन करने पर होटल मालिक के विरुद्ध विदेशी अधिनियम 1946 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर या डीजे बजाने पर न केवल डीजे मालिक बल्कि होटल संचालक पर भी कार्रवाई होगी। सभी होटल और विवाह स्थल को बिहार लाउडस्पीकर अधिनियम 1955 और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियम 2000 का पालन करना अनिवार्य होगा। होटल परिसर में किसी भी व्यक्ति द्वारा लाइसेंसी या अवैध हथियार लेकर घूमना सख्त मना किया गया है। ऐसी किसी भी सूचना पर होटल संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी होटल, लॉज, अतिथिगृह या विवाह स्थल में अवैध गतिविधियां संचालित होती पाई गईं, तो होटल मालिक, प्रबंधक और कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इसके अलावा, कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ होटल का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। पुलिस प्रशासन ने इन नियमों के सख्त अनुपालन की चेतावनी दी है और कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर मानविकी संकाय द्वारा जुबली हॉल में समारोह आयोजित

## उन्नति का मूल मातृभाषा, क्योंकि सर्वाधिक मौलिक चिंतन मातृभाषा में ही संभव- प्रो चन्द्रभानु

नई सोच एक्सप्रेस



» अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित काव्य पाठ प्रतियोगिता के प्रतिभागी किए गए सम्मानित

**दरभंगा।** भारत एक बहुभाषिक, बहुधार्मिक एवं बहुसांस्कृतिक देश है और यही इसकी आत्मा है। इनके सम्मान से ही भारत की एकता और अखंडता सुरक्षित रहेगी। भाषा का धर्म से कोई संबंध नहीं होता। केवल एक भाषा के विकास से ही भारत का विकास संभव नहीं है। उक्त बातें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के मानविकी संकाय के अंतर्गत हिन्दी, मैथिली, उर्दू तथा संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जुबली हॉल में आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह- 2025' में मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के पूर्व मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो चन्द्रभानु प्रसाद सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में शिक्षा तथा शासन की व्यवस्था होने पर ही समाज एवं राष्ट्र का वास्तविक विकास होगा। सरकार द्वारा गठित अनेक आयोगों ने भी मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने का सुझाव दिया है, पर राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में ऐसा संभव नहीं हुआ, परंतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 आने पर फिर से मातृभाषा में शिक्षा की मांग जोड़ पड़ रही है। प्रो सिंह ने कहा कि अपनी मातृभाषा को अपनाने वाले जापान, जर्मनी, चीन, रूस आदि देश विकास के दौर में आगे हैं। अंग्रेजों द्वारा भारत के बहुभाषावाद पर बड़ा हमला हुआ, जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ा है। अध्यक्षीय संबोधन में मानविकी संकायाध्यक्ष एवं समारोह के संयोजक प्रो मंजू राय ने कहा कि यद्यपि अंग्रेजी रोजगार की भाषा रही है, पर मातृभाषा हमारे दिल की आवाज होती है। इसलिए हमें अपनी मातृभाषा को कभी भी नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भाषा की अपनी महत्ता होती है। अतः कोई भी बाहर की दूसरी भाषा लोगों पर थोपी नहीं जा सकती है। प्रो राय ने बताया कि बांग्ला भाषा की रक्षा हेतु शाहिद हुए मातृभाषियों की याद में यूनेस्को द्वारा 1999 में हुई घोषणा के बाद यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है और यह वर्ष इसका जुबली वर्ष है। इस अवसर पर संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ घनश्याम महतो, हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो उमेश कुमार ने मातृभाषा के महत्व को रेखांकित किया, जबकि उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ गुलाम सरवर ने शायरी के माध्यम से मातृभाषा के महत्व पर बल दिया। समारोह में हिन्दी, मैथिली, संस्कृत तथा उर्दू विभाग द्वारा पूर्व में आयोजित 'बसंत ऋतु' पर आधारित काव्य-पाठ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को रैंक प्रमाण पत्र तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं काव्य पाठ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अतिथियों का स्वागत मोमेंटो एवं पुष्प कुछ से किया गया। स्नातकोत्तर संगीत एवं नाटक विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा बिहार-गीत, कुलगीत तथा राष्ट्रगान की प्रस्तुति हुई, जबकि डीएसडब्ल्यू प्रो अशोक कुमार मेहता ने बसंत ऋतु पर आधारित मैथिली में काव्य-पाठ की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, पदाधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी सहित 300 से अधिक शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।समारोह का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। मैथिली- प्राध्यापक प्रो अशोक कुमार मेहता के संचालन में आयोजित समारोह में अतिथियों का स्वागत मैथिली विभागाध्यक्ष प्रो दमन कुमार झा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत- प्राध्यापक डॉ आर एन चौरसिया ने किया।

## महाकुम्भ के भव्य आयोजन में भारतीय रेल का कार्य अभिनंदनीयः योगी आदित्यनाथ

नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में महाकुम्भ को लेकर भारतीय रेलवे के प्रयासों को सराहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल ने प्रयागराज जिले के सभी 9 रेलवे स्टेशनों का सौंदर्यीकरण किया। उनका विस्तार कर उसमें होल्डिंग एरिया बनाए। 3000 से भी अधिक स्पेशल ट्रेन चलाईं। भारतीय रेल का कार्य बहुत अभिनंदनीय है। बेहतर कॉर्डिनेशन के माध्यम से रेल मंत्री स्वयं कॉर्डिनेशन के साथ जुड़े थे, लगातार मेरे साथ बातचीत हो रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष हों, महाप्रबंधक या डीआरएम स्तर अधिकारी, सभी ने पूरी तत्परता के साथ इस पूरे आयोजन में सहभागिता निभाई है। भारतीय रेल ने महाकुम्भ में जितनी मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने की आवश्यकता पड़ी, रेलवे ने उतनी ट्रेनें चलाई। श्रद्धालुओं को प्रयागराज से उनके गंतव्य तक पहुँचाने के लिए रेलवे ने पूरा सहयोग किया है। ऐसे सहयोग की वजह से ही महाकुम्भ जैसा आयोजन इतनी भव्यता और दिव्यता के साथ आगे बढ़ पाया और उसको हम इस रूप में आगे बढ़ाने का काम कर पाएं। बता दें कि भारतीय रेल ने वृह्द तैयारियों के साथ भव्य दिव्य और डिजिटल महाकुम्भ में सहभागिता निभाई है। 13,500 से अधिक ट्रेनों जिसमें 3500 से अधिक विशेष गाड़ियां शामिल हैं, 13,000 कर्मयोगियों और अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली के साथ प्रयागराज क्षेत्र में यात्रियों की सेवा में तत्पर रहा है। 1186 सीसीटीवी, डेढ़ लाख यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया, 24 घंटे की मॉनिटरिंग और कुशल क्राउड मैनेजमेंट से पूरी व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुदृढ़ किया गया है। 48 डिजिटल टिकटिंग, बहुभाषी उद्घोषणाएं और सुविधाजनक सेवाएं रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। भारतीय रेल, श्रद्धालुओं के हर कदम पर उनके साथ, महाकुंभ को अविस्मरणीय बना रही है।

## केएफसी ने पेश की बोनलेस रेंज

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** टेस्ट द एपिक की करें तैयारी क्योंकि केएफसी की बोनलेस रेंज आपके लिए लेकर आ रही है, बेजोड़ क्रंच के साथ बेमिसाल और लाजवाब जायका। यह इतना आसान है कि "सोच लेस" एंड एंजॉय केएफसी बोनलेस। ईज़ी और कन्वीनिएंट ऑन-द-गो स्नैक के लिए केएफसी की क्रिस्पी, फिंगर लिकिंग गुड बोनलेस रेंज आपकी हर क्रेविंग को करेगी पूरा। केवल 99 रुपये से शुरू इस रेंज में चिकन लवर्स को मिलेंगे केएफसी के बेस्टसेलिंग मेन्यू से दो स्वादिष्ट बोनलेस विकल्प। बोनलेस चिकन स्ट्रिप्स के बोल्ड जायके का मजा लें। यह क्रिस्पी, टेंडर और स्वादिष्ट मसालों में लिपटा एक शानदार स्नैक है। इस चिकन स्ट्रिप को अपने पसंदीदा सॉस में डिप करके खाएं और पाएं स्वाद का लाजवाब जायका। यह दो सॉसी डिप विकल्पों - देसी फ्लेवर के लिए तंदूरी और स्पाईसी एवं टैंगी फ्लेवर के लिए नैशविले के साथ खाया जा सकता है। चिकनलवर्स की बाईट-साईज़ खाने की क्रेविंग को पूरा करने के लिए ये लज़ीज़ चिकन पॉपकॉर्न परफेक्ट हैं। ये बाहर से क्रिस्पी और अंदर से जूसी हैं, जो हर बाईट में केएफसी का सिग्नेचर एपिक फ्लेवर प्रदान करते हैं।

## भाकपा-माले ने जन संपर्क अभियान चलाकर 2 मार्च को गांधी मैदान महाजुटान रैली में भागीदारी की अपील की

नई सोच एक्सप्रेस



» थूककांड के आरोपी ताजपुर बीडीओ गौरव कुमार पर डीएम कारवाई करे- माले

» थूककांड के आरोपी बीडीओ पर कारवाई को लेकर सभी पार्टी को संघर्ष का रूख अख्तियार करना चाहिए- सुरेंद्र

**समस्तीपुर/ताजपुर।** भाकपा माले ने जनसंपर्क अभियान चलाकर 2 मार्च को पटना के गांधी मैदान में महाजुटान रैली में भाग लेने की अपील ताजपुर वासियों से की शुक्रवार को भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। सभी गरीबों को 72 हजार रुपए से कम का आय प्रमाण-पत्र बनाने, आवास सूची में नाम जोड़ने, भूमिहीन को वासभूमि एवं सरकारी जमीन पर बसे को पर्चा देने, 2 सौ यूनिट बिजली फ्री देने, महिलाओं को 3 हजार रूपए देने, वृद्धावस्था, मोसमाती एवं दिव्यांग पेंशन की राशि 3 हजार रूपए करने, प्रति यूनिट 15 किलो राशन देने, स्कीम वर्कर्स को राज्य कर्मी का दर्जा देने आदि मांगों से संबंधित नारे लगाते हुए जुलूस बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर राजधानी चौक पर सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ताजपुर समेत मानवता को शर्मशार करने वाली घटना थूककांड के आरोपी बीडीओ गौरव कुमार पर जिलाधिकारी एवं सरकारी पूर्व समझौतानुसार कारवाई करे अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा। माले नेता ने ताजपुर के तमाम राजनीतिक दलों, संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों से थूककांड के लिए न्याय की मांग को लेकर संघर्ष का रूख अख्तियार करने की अपील की। मौके पर नौशाद तौहीदी, मो० एजाज, मो० क्यूम, प्रभात रंजन गुप्ता, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, संजीव राय, रवींद्र राय, मुकेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की नादानियाँ का दूसरा गाना गलतफहमी रिलीज

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की नादानियाँ के पहले रोमांटिक गाने इश्क में की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने दूसरा गाना गलतफहमी को रिलीज किया, जो प्यार की उलझनों को गहराई से दिखाता है। इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर पर फिल्माया गया यह गाना सीधे दिल से जुड़ता है। संगीत जगत के माहिर सचिन-जिगर द्वारा कंपोज़ किया गया, शब्दों के जादूगर अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखा गया और तुषार जोशी व मधुबंती बागची की भावनाओं से भरी आवाज़ से सजा यह गाना हर किसी के दिल से जुड़ी गहरी भावनाओं को छूता है। इब्राहिम अली खान ने इस गाने के बारे में बताते हुए कहा कि गलतफहमी में कुछ ऐसा है जो आपके दिलों दिमाग में बस जाएगा। यह एक सच्चे, गहरे और उस दिल टूटने के एहसास को दिखाता है जो हम सभी ने कभी न कभी महसूस किया होगा। खुशी कपूर ने बताया कि गलतफहमी ने मुझे व्यक्तिगत रूप से छू लिया और यह नादानियाँ एल्बम के मेरे पसंदीदा गानों में से एक है।

# नई ऊंचाइयों को छूनाः उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने नए आउटलेट के साथ बिहार में अपनी उपस्थिति मजबूत की

नई सोच एक्सप्रेस

» बिहार के ढाका (पूर्वी चंपारण), पकरी बरवान (नवादा), गाजीपुर गढ़ी (वैशाली) और मजीरवा कला (गोपालगंज) में नए बैंकिंग आउटलेट शुरू किए, जिससे बिहार राज्य में कुल 259 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1057 आउटलेट हो गए।

» उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड संयुक्त देयता समूह (जेएलजी) मॉडल के माध्यम से कम आय वाले व्यक्तियों तक माइक्रो-बैंकिंग ऋण सुविधाओं सहित अपनी बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करेगा, जिनकी इन क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है।

» वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करता है जो वित्तीय बचत, व्यवसाय विकास और निवेश में निवासियों और उद्यमियों का समर्थन करते हैं।



**बिहार।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने ढाका (पूर्वी चंपारण), पकरी बरवान (नवादा), गाजीपुर गढ़ी (वैशाली) और माजिरवा कला (गोपालगंज), बिहार में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की है। इन लॉन्च के साथ, बैंक ने बिहार में 259 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1057 आउटलेट खोले हैं। ढाका, पकरी बरवान, गाजीपुर गढ़ी और माजिरवा कला के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों के व्यापक सूट का लाभ मिलेगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, "ढाका, पकरी बरवान, गाजीपुर गढ़ी और माजिरवा कला में हमारी नई शाखाओं का उद्घाटन बिहार में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ढाका, अपनी उपजाऊ भूमि और गंडक नदी के निकटता के कारण लंबे समय से बिहार की कृषि अर्थव्यवस्था का आधार रहा है। नवादा के ऐतिहासिक जिले में बसा पकरी बरवान, व्यापार और वाणिज्य से भरा हुआ क्षेत्र है, जो विकास की अपार संभावनाएँ प्रदान करता है। वैशाली की प्राचीन भूमि में स्थित गाजीपुर गढ़ी, दुनिया के सबसे पुराने गणराज्यों में से एक की विरासत को समेटे हुए है, जो लचीलापन और प्रगति का प्रतीक है। गोपालगंज के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध जिले में स्थित माजिरवा कला अपनी जीवंत परंपराओं और उद्यमशीलता की भावना के लिए जाना जाता है। इन समुदायों के लिए अनुरूप वित्तीय समाधान पेश करके, हमारा उद्देश्य व्यक्तियों को सशक्त बनाना, स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करना और इन क्षेत्रों के सतत विकास में योगदान देना है।" ये बैंकिंग आउटलेट वंचित या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेंगे, जिनकी वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। समूह ऋण देने के जेएलजी मॉडल में एक सहकर्मी-गारंटी ऋण मॉडल शामिल है, जो व्यक्तियों को व्यक्तिगत आधार पर संपार्श्विक या सुरक्षा प्रदान किए बिना ऋण लेने में सक्षम बनाता है, जबकि समूह के भीतर आपसी समर्थन के माध्यम से ऋण अनुशासन को बढ़ावा देता है और उनके ऋणों का शीघ्र पुनर्भुगतान करता है। ग्राहक बैंकिंग आउटलेट, माइक्रो एटीएम (बैंकिंग घंटों के दौरान), इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और कॉल सेंटर जैसे विभिन्न चैनलों के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बैंक ग्राहकों को टैबलेट-आधारित एप्लिकेशन-सहायता प्राप्त मॉडल, "डिजी ऑन-बोर्डिंग" के माध्यम से बैंकिंग आउटलेट पर जाए बिना बैंक खाता खोलने की सुविधा प्रदान करता है।

## कांग्रेस संगठन में बदलाव

**देश की सबसे पुरानी पार्टी में ताजा बदलाव हवा के ताजा झोंके की तरह है। कांग्रेस ने अपने संगठनात्मक बदलाव शुरू कर दिए हैं। 3 दिन पहले पार्टी ने 2 राज्यों के महासचिव और 9 के लिए प्रभारियों नियुक्त की है। खास बात है कि इस फैसले पर राहुल गांधी की छाप साफ नजर आ रही है। बानगी के तौर पर युवाओं को मौका देने के साथ ही ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को भी तरजीह दी गई है। दरअसल, कांग्रेस फिलवक्त अपने सबसे चुनौतिपूर्ण और मुश्किल दौर में है। जब से पार्टी ने केंद्र की सत्ता गंवाई है उसके बाद से ही उसे खुद को साबित करने के लिए जूझना पड़ रहा है। कई अजीज और पार्टी की वर्षों से खिदमत करने वाले निष्ठुरता के साथ 'हाथ0 को झटकते हुए धुर विरोधी सोच वाली पार्टी के खेवनहार बन गए। गौर करने वाली यह है कि किसी भी पार्टी के लिए सत्ता गंवाना उतना कष्टप्रद नहीं रहता जितना वफादार कार्यकर्ताओं का साथ छोड़ जाना। बहरहाल, कांग्रेस ने अनुभवी और परखे हुए नेताओं को जिम्मेदारी देने के साथ-साथ युवा चेहरों को खास तवज्जो दी है। साथ ही राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के एजेंडे को धार देने के लिए कांग्रेस के संगठन में भी सामाजिक न्याय की कवायद शुरू कर दी है। राहुल 2024 में संपन्न लोक सभा चुनाव के समय से ही सामाजिक न्याय की वकालत और इसे धार देने की कोशिश में जी-जान से जुड़े दिखते हैं। खासकर जाति जनगणना की मांग और पिछड़ों व दलितों की हिस्सेदारी को लेकर वो काफी मुखर रहे हैं। संगठन में बदलाव भी उनकी इसी सोच को परिलक्षित करता दिखता है। पार्टी संगठन में जिन 11 लोगों की नियुक्त हुई है, उसमें चार ओबीसी, दो दलित, एक आदिवासी और एक अल्पसंख्यक समाज से हैं, तीन सवर्ण वर्ग से हैं, जिनमें रजनी पाटिल, मीनाक्षी नटराजन और कृष्ण अल्लावरु हैं। साफ है कि राहुल अपनी सामाजिक न्याय की लड़ाई को विस्तार देने की जुगत में संजीदगी से लगे हैं। यह सब इस मायने में सही माना जाएगा कि नेता जो कहता है, उसे करता भी है। अभी तक कांग्रेस की राजनीति सवर्ण, दलित और अल्पसंख्यक समाज पर केंद्रित थी, जिसे भाजपा ने बेहद सफाई से अपने पाले में कर दिया।**

# आयकर कानून के सरल होने से विवाद घटेंगे



आरती कुमारी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं।जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा। मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढ़ते गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी काफी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है। आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्तानजक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले। देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे। यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ सौ करोड़ की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? समर्थ लोगों को स्वैच्छा से आयकर देने के लिये तत्पर होना चाहिए। देश में आयकर का विषय विवादों से घिरा रहा है। अभी भी कुछ अर्थशास्त्री आयकर को दोहरा एवं गैर-जरूरी कराधान मानते हैं। लम्बे समय से ऐसे स्वर भी उभरते रहे हैं कि एक आम आदमी लगभग हर वस्तु और सेवा के लिये कर चुकाता है तो फिर उससे आयकर वसूलने की जरूरत क्यों है? भविष्य में इस पर भी सकारात्मक चिन्तन की अपेक्षा है। एक और बड़ी विसंगति का सामना आयकरदाता करता रहा है कि उसे आयकर विभाग हर मोर्चे पर सन्देह एवं शंका की नजर से देखता है। इसलिये जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इस बात की अपेक्षा है कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब करे और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग करे। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता। आयकर विभाग को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते लोग आय छिपाने के जतन करते हैं। इसी के साथ ऐसी भी व्यवस्था करनी होगी, जिससे आयकर का आकलन करने और उसकी वसूली में भ्रष्टाचार न होने पाए। आयकर विभाग को लोगों के विश्वास का उपभोक्ता नहीं अपितु संरक्षक बनना होगा। निश्चित ही नया आयकर कानून भारत की कर प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे करदाताओं को अपनी जिम्मेदारियां निभाने में आसानी होगी, कर प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा और कानूनी उलझनों से बचा जा सकेगा।

## सूडोकु नवताल- 7349

★★★✲☆
मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7348 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

# काशी तमिल संगमम संस्कृतियों के अभूतपूर्व संगम

नितिन प्रधान

देश दुनिया में अभी प्रयागराज में संगम तट पर चल रहे महाकुंभ को लेकर भारतीय संस्कृति की चर्चा हो रही है। तीन नदियों के संगम में करोड़ों सनातनी आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह क्रम जारी है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन तक यह सिलसिला देखने को मिलेगा। इसी बीच काशी में गंगा तट पर काशी तमिल संगमम 3.0 चल रहा है। अपने तीसरे संस्करण में यह 24 फरवरी तक सनातनियों के लिए आत्मीय संबंध को नया आयाम देगा। काशी के पवित्र घाटों पर आयोजित काशी तमिल संगमम 3.0 वास्तव में गंगा और गोदावरी के मिलन जैसा अनुभव कराता है। गंगा घाटों पर जब तमिलनाडु और दक्षिण भारत के श्रद्धालु पहुंचते हैं तो यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि संस्कृतियों के अभूतपूर्व संगम का उत्सव बन जाता है। काशी तमिल संगमम 3.0 इस भावनात्मक और सांस्कृतिक एकता का सजीव उदाहरण है, जहां दक्षिण और उत्तर भारत की परंपराएं एक-दूसरे में समाहित होती नजर आती हैं। भारत की दो प्राचीन और समृद्ध सभ्यताओं का आत्मीय संगम है। गंगा के किनारे लोग एक-दूसरे को 'वणक्कम काशीÓ कहकर संबोधित करते हैं, तो यह अनूठा और भावनात्मक अनुभव बन जाता है। काशी तमिल संगमम 3.0 न केवल उत्तर और दक्षिण भारत के बीच संस्कृति सेतु का कार्य कर रहा है बल्कि यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को भी साकार कर रहा है। यह संगमम 3.0 भारतीय परंपराओं, संस्कृतियों और जीवन मूल्यों का उत्सव है, जो विविधताओं के बीच राष्ट्रवाद की भावना को और प्रबल करता है। यह उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। जब तमिलनाडु से यात्री वाराणसी रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं, तो उनका स्वागत 'हर हर महादेव के जयघोष से किया जाता है। ढोल-नगाड़ों की थाप, स्वस्तिवाचन और पुष्पवर्षा से हर यात्री स्वयं को विशिष्ट अनुभव करता है। कांचीपुरम, जिसे संक्षेप में कांची कहा जाता है, तमिलनाडु का महत्त्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र है। यह क्षेत्र हिन्दू धर्म के प्राचीन तीर्थ स्थलों में से है, यहां कई ऐतिहासिक मंदिर स्थित हैं। कांची पलार नदी के किनारे बसी है, न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है बल्कि अपनी रेशमी साड़ियों के लिए भी प्रसिद्ध है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्मा ने यहां देवी के दर्शन हेतु तपस्या की थी। कांची को मोक्षदायिनी सप्त पुरियों में स्थान प्राप्त है, जिनमें अयोध्या, मथुरा, द्वारका, हरिद्वार, काशी, उज्जैन और कांची शामिल हैं। यह नगरी हरिहरात्मक पुरी के रूप में प्रसिद्ध है, जहां शिवकांची और विष्णुकांची नामक दो भागों में विभिन्न मंदिर स्थित हैं। तमिलनाडु के लोग के लिए काशी केवल तीर्थ नहीं, बल्कि आध्यात्मिक आकषर्ण का केंद्र है। भगवान विनाथ, मां गंगा और देवी विशालाक्षी सदियों से तमिल भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती रही हैं। आदि शंकराचार्य के काशी आगमन और उनके द्वारा अद्वैत वेदांत के प्रचार के बाद, तमिल संतों का काशी से लगाव और गहरा हो गया। काशी केवल शहर नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। बाबा विनाथ, काल भैरव, मां अन्नपूर्णा, देवी विशालाक्षी, आंध्र के मल्लिकार्जुन और तेलंगाना के भगवान राजराजेर जैसे तीर्थस्थल भारत की सांस्कृतिक पहचान को परिपूर्ण बनाते हैं। इस पवित्र नगरी ने अनेक संतों और महात्माओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की है, जिसका प्रभाव आज भी तमिल समाज में देखा जा सकता है। काशी का तेलुगु संस्कृति से भी गहरा नाता है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु काशी आते हैं। तेलुगु संतों और आचार्यों ने भी इस नगरी को विशेष रूप से गौरवान्वित किया है। तेलुगु संत तेलंगस्वामी, जिनका जन्म विजयनगरम में हुआ था, को स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस ने काशी का 'जीवंत शिव कहा था। इसके अलावा, जिद्दू कृष्णमूर्ति और अन्य महान संतों को आज भी श्रद्धा के साथ याद किया जाता है। काशी और तेलुगु संस्कृति का संबंध साहित्य और आध्यात्मिक परंपराओं में भी स्पष्ट रूप से झलकता है। आंध्र प्रदेश के वेमुलावाड़ा तीर्थ को 'दक्षिण का काशी कहा जाता है, यहां की मंदिर परंपराओं में 'काशी दारम (विशेष काला सूत्र) का प्रचलन आज भी है। इसी प्रकार, तेलुगु साहित्य में 'काशीखंडम जैसे ग्रंथ काशी की महिमा का बखान करते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधी आज आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा कोई मौका ही न दें। आपकी प्रतिभा मान-सम्मान बढ़ाने में कारगर साबित हो सकती है। आपको कुछ ऐसे काम दिए जायेंगे, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर लेंगे।

**वृष राशि** : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, आज उन्हें तोड़कर जीवन में बदलाव लाने में सफल होंगे। आज सरकारी काम या कोर्ट संबंधित कामों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा, एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार मिल सकता हैं।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज कार्यस्थल पर लोगों के साथ जुड़े रहने की और मिलने-जुलने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपने विचारों में किसी भी प्रकार का बदलाव सोच-समझकर करें। पिछली बातों से मिली सीख को आज ध्यान में रखेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि** : आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में बितेगा, आप उसके साथ बाहर जा सकते है जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी। परिवार के साथ रात का डिनर बाहर करने का मन बनायेंगे।

**सिंह राशि** : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं। आज के दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है, उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है।

**कन्या राशि**: आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आप पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के लिए आप कुछ नया सीखेंगे। इस राशि के जो लोग सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उन्हें तरक्की के नये अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशि** : आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी काम को लेकर बॉस आपको सलाह देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। आज महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज कुछ नये मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे। आज आप ज्यादातर मामलों में खुद को भाग्यशाली महसूस करेंगे।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा । सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है । इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक हैं, उनके लिये अपने काम में कुछ बदलाव करने का आज अच्छा दिन है। स्वास्थ्य को लेकर आज आप सतर्क रहेंगे। आज कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग बना रहेगा।

**धनु राशि** : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर राशि** :आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनायेंगे, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है।

**कुंभ राशि** : आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उलझन में रहेगा, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है, इससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के साथ बाहर डीनर पर जा सकते हो।

**मीन राशि** : आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने के लिए समय बेहतर है। ऑफिसियल यात्रा का कार्यक्रम बन सकता हैं। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं ।

# दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से ज्यादा है उत्तरप्रदेश के बजट का साइज

अशोक भाटिया , मुंबई

उत्तरप्रदेश की सरकार ने हाल ही में अपना बजट पेश किया है। इस बजट का साइज दुनिया के कई देशों की जीडीपी से ज्यादा देखने को मिलती है। वहीं अगर उत्तरप्रदेश की जीडीपी की बात करें तो ये दुनिया की 50 सबसे बड़ी इकोनॉमीज की लिस्ट में शामिल हो सकता है। देश में आबादी के लिहाज से सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश, इस मामले में दुनिया के कई बड़े देशों को चुनौती देता है। रूस और तुर्की की आबादी के बराबर उत्तर प्रदेश की आबादी है। गुरुवार को यहां की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य का बजट पेश किया। वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए जो बजट पेश हुआ है, उसकी रकम जानकार आप हैरान जाएंगे। क्योंकि इसका साइज दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से ज्यादा है।बजट में उत्तर प्रदेश की जीडीपी का जो अनुमान लगाया गया है, वो पुर्तगाल के बराबर और हंगरी की जीडीपी से ज्यादा है। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि आखिर दुनिया के मानचित्र पर उत्तर प्रदेश की क्या अहमियत है। आइए आपको बताते हैं कि आखिर भारत के सबसे बड़े राज्य ने कितना बड़ा बजट पेश किया है। इस बजट के मुकाबले में दुनिया के वो देश कौन से हैं, जिनकी जीडीपी भी उतनी नहीं है। उत्तरप्रदेश के बजट का साइज डॉलर के हिसाब से देखें तो 93 अरब डॉलर से ज्यादा देखने को मिल रहा है। खास बात तो ये है कि इतनी वैल्यू तो देश के 100 से ज्यादा देशों की भी नहीं है। पनामा से लेकर मकाऊ तक एक लंबी लिस्ट है, जिनकी जीडीपी उत्तर प्रदेश के सालाना बजट से भी कम है। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार साल 2025 में पनामा की जीडीपी 91.739 बिलियन डॉलर रह सकती है। जबकि तुर्कमेनिस्तान 83.883 बिलियन डॉलर, उरुग्वे 82.605 बिलियन डॉलर, सर्बिया 82.605 बिलियन डॉलर, बेलारूस 73.129 बिलियन डॉलर, मयांमार 64.284 बिलियन डॉलर और मकाऊ की जीडीपी 55.587 बिलियन डॉलर है। दुनिया में ऐसे 100 से ज्यादा देशों लिस्ट है, जिनकी जीडीपी उत्तरप्रदेश के बजट से कम है। बजट में उत्तरप्रदेश के वित्त मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की जीडीपी वित्त वर्ष 2025 में 27.51 लाख करोड़ रुपए यानी 317.5 बिलियन डॉलर रहने का अनुमान है। इसका मतलब है कि उत्तरप्रदेश की इकोनॉमी का साइज यूरोप के बड़े देशों में शुमार और दुनिया की 47वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी पुर्तगाल के बराबर आकर खड़ी हो गई। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार साल 2025 में पुर्तगाल की इकोनॉमी 319 बिलियन डॉलर रहने का अनुमान है। अगर साल 2024 के जीडीपी के साइज की बात करें तो पुर्तगाल की इकोनॉमी 282.54 बिलियन डॉलर देखने को मिली थी। ऐसे में दोनों इकोनॉमी का साइज लगभग बराबर ही देखने को मिल रहा है। हंगरी की जीडीपी का अनुमानित साइज 312 बिलियन डॉलर, पेरू 294 बिलियन डॉलर, ईराक, ग्रीस, न्यूजीलैंड कतर आदि कई देश ऐसे हैं, जिनकी इकोनॉमी उत्तर प्रदेश की जीडीपी से भी है। पाकिस्तान के बजट से भी बड़ा है उत्तरप्रदेश का बजट का बजट -उत्तर प्रदेश सरकार का 2024-25 का बजट 7.36 लाख करोड़ का था, जो पाकिस्तान के केंद्रीय बजट से बड़ा है। पाकिस्तान ने 2024-25 के लिए अपना बजट 18.9 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये (PKR) घोषित किया था। जब इसे भारतीय रुपये में बदला जाए (1 INR ≈ 3।35 PKR), तो पाकिस्तान का बजट लगभग 5.65 लाख करोड़ होता है, जो उत्तरप्रदेश के बजट से 1.71 लाख करोड़ कम है।जनसंख्या के हिसाब से देखें तो उत्तरप्रदेश (₹25 करोड़) और पाकिस्तान (₹24 करोड़) की आबादी लगभग समान है, फिर भी उत्तरप्रदेश का बजट बड़ा है।विकास और व्यय को देखें तो उत्तरप्रदेश का बजट सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने पर केंद्रित है, जबकि पाकिस्तान का बजट कर्ज चुकाने और रक्षा खर्च में ज्यादा जाता है।राजकोषीय स्थिति यह है कि पाकिस्तान का आधे से ज्यादा बजट ऋण और ब्याज चुकाने में चला जाता है, जबकि उत्तरप्रदेश में खर्च का बड़ा हिस्सा विकास कार्यों में लगाया जाता है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपए का बजट पेश किया, जिसमें आरएंडडी और आईटी पर फोकस किया गया है। आगामी वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित बजट में 28,478.34 करोड़ रुपए की नई योजनाएं शामिल की गयी हैं। विधानसभा में बजट पेश करने से पहले इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इसे मंजूरी दी गई थी। वित्त मंत्री ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि यह 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। वित्त वर्ष 2025 में प्रदेश का बजट 7,36,437 करोड़ रुपए था। खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को 1000 अरब की इकोनॉमी बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है। खास बात तो ये है कि उत्तरप्रदेश का बजट देश के कुल बजट का करीब 16 फीसदी है। इस बार देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कुल बजट 50.65 लाख करोड़ रुपए का पेश किया था। वहीं उत्तरप्रदेश का बजट 8.08 लाख करोड़ रुपए का है। इसका मतलब है कि देश का बजट उत्तरप्रदेश के बजट से 6 गुना से भी ज्यादा बड़ा है। देश के सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य की बात करें तो प्रदेश का एक दिन का बजट 2,216 करोड़ रुपए है। इसका मतलब है कि उत्तरप्रदेश हर रोज 2,216 करोड़ रुपए खर्च करेगा। वहीं हर घंटे उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के डेवलपमेंट के लिए 92 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करेगी। रोज़मर्रा के खर्चों को देखें, तो उत्तरप्रदेश का एक दिन का बजट 2,216 करोड़ रुपये है, और हर घंटे उत्तरप्रदेश सरकार करीब 92 करोड़ रुपये राज्य के विकास के लिए खर्च करती है। यह बजट देश के कुल बजट का लगभग 16 प्रतिशत है। देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल 50।65 लाख करोड़ रुपये का केंद्रीय बजट पेश किया था, वहीं उत्तरप्रदेश का बजट 8।08 लाख करोड़ रुपये का है, यानी उत्तरप्रदेश का बजट देश के कुल बजट का करीब छह गुना छोटा है, लेकिन फिर भी यह एक बड़ी राशि है। उत्तर प्रदेश का यह बजट न केवल राज्य की विकास यात्रा को दर्शाता है, बल्कि यह उसकी वैश्विक आर्थिक भूमिका को भी सशक्त बनाता है। प्रदेश की जीडीपी अब उन देशों की सूची में शामिल हो गई है जिनकी इकोनॉमी विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण मानी जाती है। उत्तरप्रदेश के विकास में यह बजट एक मील का पत्थर साबित हो सकता है, जो राज्य को अगले कुछ वर्षों में एक मजबूत आर्थिक शक्ति बना सकता है। इस बजट के जरिए उत्तरप्रदेश सरकार का स्पष्ट उद्देश्य राज्य के औद्योगिक और आर्थिक क्षेत्र में बदलाव लाना, रोजगार के अवसर बढ़ाना, और किसानों की आय में सुधार करना है। ऐसे में आने वाले वर्षों में उत्तरप्रदेश की आर्थिक प्रगति के और भी प्रभावशाली आंकड़े सामने आ सकते हैं। इसमें राज्य सरकार ने 4 नए एक्सप्रेस वे को लेकर बड़ा ऐलान किया है, जिस पर 1500 करोड़ से ज्यादा का खर्च होगा। उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड के लिए 11।50 करोड़ रुपये दिए गए हैं। किसानों को मुफ्त सिंचाई के लिए 1300 करोड़ रुपये जारी किए किए गए हैं। लखनऊ में AI सिटी बनाने के साथ ही बांके बिहार कॉरिडोर के लिए 150 करोड़ का ऐलान किया गया है। बजट में पूंजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है।-बजट में अवस्थापना विकास हेतु 22 प्रतिशत, शिक्षा हेतु 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं हेतु 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों हेतु 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किये गये हैं।-बजट में शोध एवं विकास तथा सूचना प्रौद्योगिकी पर भी ध्यान दिया है।-विधान सभा को आधुनिक आईटी सिस्टम्स से लैस करने के लिये बजट में विशेष रूप से व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। यह प्रक्रिया आगे भी चलती रहेगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।-राज्य सरकार द्वारा 10 सेक्टर यथा-कृषि एवं संवर्गीय सेवाएं, अवस्थापना, उद्योग, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, पर्यटन, नगर विकास, वित्तीय सेवायें, ऊर्जा, पूंजी निवेश आदि चिन्हित करते हुये सेक्टरवार कार्ययोजना तैयार की गई है।-प्रदेश के प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटीलैब तथा स्मार्ट क्लासेज की स्थापना।-राजकीय पॉलीटेक्निकों में स्मार्ट क्लासेज तथा पूर्णतया डिजिटल लाईब्रेरी की स्थापना की योजना प्रस्तावित।-आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स को बढ़ावा देने हेतु सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स की स्थापना प्रस्तावित की गई। शिक्षा और कौशल विकास पर कितना खर्च के बारे में बात करें तो उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए 1,00,335 करोड़ का आवंटन किया था, जो कुल बजट का 13.6% है ।

# विराट आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने

## • पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ा



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के अपने पहले ही मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी 22 रनों की पारी के दौरान ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। विराट अब आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गये हैं। विराट ने इस मैच में 13 रन बनाते ही रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब पोंटिंग सबसे अधिक रनों के मामले में तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। पोंटिंग के 44.0 की औसत से 2336 रन हैं। वहीं विराट के 64.5 के औसत से 2346 रन हैं। पहले नंबर पर 52.28 के औसत से सचिन तेंदुलकर के 2719 रन हैं। इस मैच में विराट ने एकदिवसीय प्रारुप में सबसे ज्यादा कैच लेने के मोहम्मद अजहरुद्दीन के 156 कैच के रिकार्ड की भी बराबर कर ली है। विराट ने साल 2013 में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं साल 2017 में वह बतौर कप्तान चैंपियंस ट्रॉफी में गए लेकिन वहां उन्हें सफलता नहीं मिली। कोहली की कप्तान में ही भारतीय टीम 2021 टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीतने में भी विफल रही। 36 साल के हो रहे कोहली अब करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। आगामी आईसीसी इवेंट्स 2027 में होना है तब तक विराट शायद ही खेलें।

# शुभमन बोले हमें बाहर से मिल रहे थे निर्देश



**दुबई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार शतक लगाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले उपकप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि उन्हें अंत तक बल्लेबाजी करने के संदेश मिले थे। शुभमन ने इस मैच में धीमी बल्लेबाजी करते हुए 129 गेंदों पर 9 चौके और दो छक्के लगाकर 101 रन बनाये। धीमी बल्लेबाजी का कारण शुभमन ने ड्रेसिंग रुम से मिल रहे उस संदेश को कारण बताया जिससे उन्हें टिककर अंत तक खेलने को कहा गया था। शुभमन की इस बात से साफ है कि कोच गौतम गंभीर ने मैच पर नियंत्रण बनाये रखा हुआ था। भारतीय टीम ने शुभमन की शानदार बल्लेबाजी और शमी के पांच विकेटों की सहायता से आसानी से मैच जीत लिया। शुभमन अपनी बल्लेबाजी से खुश दिखे और कहा, ''यह निश्चित रूप से मेरे सबसे अच्छे शतकों में से एक था। आईसीसी टूर्नामेंट में यह मेरा पहला शतक है जिससे मैं काफी उत्साहित हूं। पिच आसान नहीं थी। शुरुआत में ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही थी पर हमें मैदान के बाहर से निर्देश मिल रहे थे और उसी के अनुसार मैंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ क्रीज का इस्तेमाल करते हुए स्ट्रोक्स खेले जिससे काफी लाभ हुआ।" कप्तान रोहित ने मैच जीतने के बाद कहा, ''आपको हर मैच से पहले आत्मविश्वास से भरा रहना होगा। मैच के दौरान हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना पड़ता है। कप्तान के तौर पर मुझे लगता है कि हमने हालातों के अनुसार अपने को ढ़ाल जिसके कारण ही हमें सफलत मिली। साथ ही कहा कि बड़े टूर्नामेंटों में दबाव तो रहता ही है जिसका सामना करना आपको आना चाहिये।'' वहीं दूसरी ओर हार से निराश बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो ने कहा, ''हमारी शुरुआत खराब रही थी पर इसके बाद तोहिद हृदय और जाकिर अली ने अच्छी साझेदारी कर हमें मैच में बनाये रखा। वहीं लक्ष्य का बचाव करने के दौरान हमारा क्षेत्ररक्षण खराब रहा जिससे मैच हमारे हाथ से निकल गया। अगर हम अवसरों का लाभ उठाते तो परिणाम कुछ अलग होता।''

# कोच बदलने का कोई इरादा नहीं : मनु भाकर



**नई दिल्ली।** स्टार महिला निशानेबाज मनु भाकर ने कहा कि उनका कोच बदलने का कोई इरादा नहीं हैं और जसपाल राणा ही आगे भी उनके कोच बने रहेंगे। राणा को हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पिस्टल निशानेबाजी का हाई परफार्मेंस ट्रेनर नियुक्त किया था। ऐसे में माना जा रहा था कि वह मनु के कोच नहीं रहेंगे। राणा ही पेरिस ओलंपिक में मनु के कोच थे जिसमें मनु ने दो कांस्य पदक जीते थे। राणा और मनु के बीच ओलंपिक से पहले भी एक बार मतभेद की खबरें आईं थीं पर दोनो ने ही पेरिस ओलंपिक में एकसाथ आकर उन्हें गलत साबित किया था। मनु ने राणा के मार्गदर्शन में ही एक ही ओलंपिक में दो पदक जीते थे। उन्होंने दस मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम वर्ग में कांस्य पदक जीते थे। मनु ने साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने के बाद कहा,'मैं इतना ही कहूंगी कि राणा मेरे कोच हैं और अपने काम में बहुत अच्छे हैं। वह काफी प्रतिभाशाली हैं और मेरे लिये बहुत अच्छे कोच रहे हैं।' मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट हैं। उन्होंने 2024 के पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के सिंगल्स और टीम इवेंट में कांस्य पदक जीते थे। पेरिस ओलंपिक 2024 में मनु भाकर शानदार प्रदर्शन कर एक सफल खिलाड़ी साहित हुईं। उनके बेहतर प्रदर्शन के कारण उन्हें देश के सबसे बड़े खेल पुरस्कार, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से नवाजा गया। पेरिस ओलंपिक के बाद उनकी नेटवर्थ में भी बड़ी इजाफा हुआ है।

# रोहित 100 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने वाले चौथे भारतीय कप्तान बने



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही रोहित 100 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने वाले चौथे भारतीय कप्तान बन गये हैं। इससे पहले मोहम्मद अजहरुद्दीन, महेन्द्र सिंह धोनी और विराट कोहली के नाम ही कप्तान के तौर पर 100 मैच जीतने का रिकार्ड है। रोहित ने अपने 138वें मैच में कप्तानी करते हुए जीत का शतक लगाया। रोहित का अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जीत प्रतिशत 72 से ज्यादा का है, जो 22 से ज्यादा मैच खेलने वाले सभी कप्तानों में सबसे अधिक है। उनकी तुलना में धोनी का जीत प्रतिशत 53.61, अजहरुद्दीन का 47.05 और कोहली का 63.38 रहा। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने कुछ समय पहले टी20 विश्व कप भी जीता था। अब उनकी नजरें देश को चैंपियंस ट्रॉफी के तौर पर दूसरा खिताब जिताना होगा। भारतीय टीम ने पहले मैच में बांग्लादेश को 228 पर समेटने के बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को चार विकेट खोकर 231 रन बनाकर हासिल कर लिया था।

# अब तनावमुक्त होकर किसी बच्चे की तरह खेल का आनंद लेना चाहता हूं : धोनी



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद केवल आईपीएल में ही खेलते नजर आते हैं। धोनी अब 43 साल के हो गये हैं और माना जा रहा है कि आईपीएल 2025 के बाद वह इस लीग में भी शायद ही खेलें। ऐसे में अब धोनी करियर के अंतिम समय में तनावमुक्त होकर किसी बच्चे की तरह खेलना चाहते हैं। धोनी की कप्तानी में ही चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने पांच बार खिताब जीता था पर पिछले सत्र में उन्होंने कप्तानी भी छोड़ दी थी। धोनी का कहना है कि अभी वह आईपीएल खेलते रहेंगे पर वह किसी बच्चे की तरह क्रिकेट खेलने का आनंद उठाना चाहते हैं। आईपीएल में वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से उनके संन्यास के पांच साल से अधिक हो गये हैं। ऐसे में अब उन्हें 'अनकैप्ड क्रिकेटर के तौर पर ही शामिल किया गया है। धोनी ने कहा कि मैं 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले चुका हूं। इस बीच मैं जितने भी साल खेलने के बचे हैं, उसमें एक बच्चे की तरह अपने खेल का आनंद लेना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं उसी तरह से इसका मजा लेना चाहता हूं जैसे अपने स्कूली दिनों में लेता था। जब मैं एक कॉलोनी में रहता था और दोपहर 4 बजे खेलने का समय होता था। हम उस समय क्रिकेट ही खेला करते थे। मौसम खराब होने पर फुटबॉल खेलते थे। मैं उसी मासूमियत के साथ खेलना चाहता हूं हालांकि यह उतना आसान नहीं है। धोनी ने कहा कि भारत के लिए खेलते समय उनका ध्यान हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता था और बाकी सब बाद में आता था। उन्होंने कहा कि एक क्रिकेटर के तौर पर भारतीय क्रिकेट टीम के लिए मैं हमेशा अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था। मैं पहले भी कह चुका हूं कि हर किसी को देश के लिए खेलने का अवसर नहीं मिलता। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को अपने लिए सही प्राथमिकताएं निर्धारित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि आपको यह पता करना होगा कि आपके लिए क्या सही है। जब मैं खेलता था तो मेरे लिए क्रिकेट ही सब कुछ था, बाकी कुछ मायने नहीं रखता था।

## व्यापार

# कमजोरी के साथ खुले शेयर बाजार

## सेंसेक्स 159 अंक टूटकर 75,570 पर, निफ्टी50 22,860 पर




**मुंबई।** वैश्विक बाजार से मिलेजुले संकेतों के बीच शुक्रवार के कारोबारी दिन शेयर बाजार की कमजोर शुरुआत हुई। बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 शुक्रवार को गिरावट के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 159.84 अंक टूटकर 75,576.12 पर आ गया, जबकि निफ्टी 50 49.70 अंक गिरकर 22,863.45 पर कारोबार कर रहा था। फाइनेंशियल, ऑटो और ऑयल शेयरों में कमजोरी देखी जा रही है। सेंसेक्स में टाटा स्टील, जोमैटो और एलएंडटी टॉप गेनर रहे, जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सबसे ज्यादा गिरावट वाले शेयरों में शामिल हैं। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जारी है। निफ्टी 50 में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और आईसीआईसीआई बैंक को नुकसान हुआ और ये टॉप लूजर्स में शामिल रहे। वहीं सिप्ला, सन फार्मा और भारती एयरटेल टॉप गेनर्स के रूप में उभरे। वहीं एशिया बाजारों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिल रहा है। जापान के निक्कई 225 में 0.43 फीसदी की गिरावट आई, क्योंकि देश की जनवरी महंगाई दर 4 फीसदी तक पहुंच गई। यह आंकड़ा जनवरी 2023 के बाद सबसे ऊंचा स्तर है। वहीं कोर महंगाई दर भी 3.2 फीसदी तक बढ़ गई। इस महंगाई आंकड़े ने बैंक ऑफ जापान के ब्याज दर बढ़ाने के फैसले को और मजबूत कर दिया है। हालांकि, हैंग सेंग फ्यूचर्स में मजबूती दिखी। वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुए। रिटेल दिग्गज वॉलमार्ट के कमजोर अनुमान ने आर्थिक हालात को लेकर चिंता बढ़ा दी, जिससे बाजार पर दबाव देखा गया। डाओ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 451 अंक लुढ़ककर बंद हुआ। एसएंडपी 500 में 0.43 फीसदी और नैस्डैक कंपोजिट में 0.47 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इस बीच अमेरिका में बेरोजगारी भत्ते के लिए नए दावों की संख्या भी बढ़ी। 15 फरवरी को समाप्त सप्ताह में शुरुआती बेरोजगारी दावे 5,000 बढ़कर 2,19,000 पर पहुंच गए, जबकि रॉयटर्स के अनुमान में यह संख्या 2,15,000 रहने की उम्मीद थी। वहीं घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को एक बार फिर गिरावट में बंद हुए थे। इंडेक्स में हैवीवेट शेयरों, जैसे एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक, में गिरावट ने बाजार को नीचे खींच लिया। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 200 से ज्यादा अंकों की गिरावट के साथ 75,672 पर खुला था। कारोबार के दौरान यह 75,463 अंक तक गिर गया था, लेकिन अंत में 203.22 अंककी गिरावट के साथ 75,735 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी50 भी गिरावट लेते हुए 22,821 अंक पर लाल निशान में खुला। अंत में यह 19.75 अंक की गिरावट लेते हुए 22,913.15 अंक पर बंद हुआ।

# सोने-चांदी के भाव में आई गिरावट

## सोना 85,811 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 96,698 रुपए पर



**नई दिल्ली।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोना-चांदी खरीदने वालों को राहत मिली है। सराफा बाजार में दोनों कीमती धातुओं के वायदा भाव में गिरावट देखी जा रही है। कारोबार की शुरुआत में एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.25 फीसदी की गिरावट के साथ 85,811 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 0.43 फीसदी गिरकर 96,698 रुपए पर कारोबार कर रही है। इस साल1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 10,358 रुपए बढ़कर 86,520 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 11,772 रुपए बढ़कर 97,789 रुपए पर पहुंच गया है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 महाशिवरात्रि स्नान को लेकर रेलवे अलर्ट, क्राउड कंट्रोल के लिए प्रमुख स्टेशनों पर बनाए होल्डिंग एरिया;प्रधानमंत्री आज 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन की शुरुआत किए,71 साल बाद दिल्ली में आयोजन

2 केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर के उग्रवादियों से हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने की अपील की और कहा कि देश की विकास यात्रा में उनके योगदान का स्वागत किया जाएगा;उन्होंने यह भी बताया कि पिछले पांच वर्षों में हिंसा में 10,000 से अधिक उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है

3 7 दिन के अंदर सरेंडर कर दें लूटे हुए हथियार,राष्ट्रपति शासन लगते ही मणिपुर राज्यपाल ने दिया बड़ा अल्टीमेटम

4 विदेशी ताकतों की कठपुतली बन गए हैं राहुल गांधी...ट्रंप के आरोपों पर भाजपा ने घेरा

5 पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार की सजा पर बहस आज,1984 दिल्ली सिख दंगा मामला;2 सिखों को जिंदा जलाकर हत्या की थी

6 कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी,दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती

7 दिल्ली CM रेखा ने मंत्रियों के साथ यमुना आरती की,भाजपा के मेनिफेस्टो में यमुना साफ करने का वादा; पहली कैबिनेट में आयुष्मान योजना को मंजूरी

8 प्रवेश वर्मा को PWD समेत 5 विभाग,दिल्ली CM रेखा ने वित्त अपने पास रखा,आशीष सूद को गृह;शपथ के 4 घंटे बाद विभागों का बंटवारा

9 चिंताजनक:माउंट एवरेस्ट पर 150 मीटर तक घट गया हिम आवरण,सर्दियों के मौसम में बर्फ जमने में आ रही कमी का संकेत

10 भारत ने बांग्लादेश को छह विकेट से हराया, शुभमन गिल ने जड़ा शतक;शमी की शानदार गेंदबाजी

11 रोहित के 11000 वनडे रन पूरे,सेकेंड फास्टेस्ट बैटर,शमी के फास्टेस्ट 200 विकेट, गिल सबसे कम इनिंग में 8 शतक वाले भारतीय;रिकॉर्ड्स

12 ट्रम्प सरकार का एक महीना,16 फैसले,पहले दिन बाइडेन के 78 आदेश पलटे,दुनियाभर में जैसे-को-तैसा टैक्स लगाया;भारतीयों को जंजीरों में डिपोर्ट किया

13 ब्रीफ:दिल्ली CM ने कैबिनेट के साथ यमुना आरती की,पहले दिन आयुष्मान योजना को मंजूरी;यूपी में 92 हजार नौकरियां, छात्राओं को स्कूटी

14 कल मां का अंतिम संस्कार,आज मंत्री पद की शपथ,दिल्ली कैबिनेट में बिहार के पंकज सिंह बोले:अगली छठ में यमुना साफ मिलेगी

15 डल्लेवाल ने किसान संगठनों को दिया एकता का संदेश,22 को केंद्र के साथ छठी बैठक, आधिकारिक पत्र जारी;किसान शुभकरण को देंगे श्रद्धांजलि

16 हाईकोर्ट जजों के खिलाफ लोकपाल जांच,सुप्रीम कोर्ट की रोक,SC ने कहा:यह बहुत परेशान करने वाला;केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया

17 असम खदान रेस्क्यू:44 दिन बाद बाकी 5 शव बरामद,पहचान के लिए DNA टेस्ट होगा;6 जनवरी को खदान में फंसे सभी 9 मजदूरों की मौत

18 सोनिया गांधी की तबीयत अचानक बिगड़ी,दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में भर्ती

19 संपर्क पोर्टल 2.0 जल्द होगा लॉन्च, सुधांश पंत ने परिवादों का निस्तारण समय पर करने के दिए निर्देश

20 अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करते हैं,राज्य स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति मुर्मू

21 पंजाब के पास किसी भी राज्य को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं:मुख्यमंत्री मान

22 एलोन मस्क ने एफबीआई डायरेक्टर बनने पर भारतीय मूल के काश पटेल को दी बधाई

23 आरबीआई का मासिक बुलेटिन,भारत 2025-26 में दुनिया की सबसे तेजी गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा

24 उत्तरप्रदेश में पेश हुआ इतिहास का सबसे बड़ा बजट,इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश सहित स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर किए बड़े ऐलान

25 ट्रंप ने कहा कि अगर टेस्ला भारत के टैरिफ से बचने के लिए वहां फैक्ट्री लगाती है,तो यह अमेरिका के लिए अनुचित'' होगा

26 जन आस्था का सम्मान,अराजकता बर्दाश्त नहीं,सीएम योगी का सख्त मैसेज

27 आज से दोनों पति-पत्नी नहीं रहे,बांद्रा के फैमिली कोर्ट में युजवेंद्र-धनश्री का हुआ तलाक

28 विदेश मंत्री जयशंकर ने सिंगापुर और ब्राजील के वित्त मंत्रियों से की मुलाकात

29 दिल्ली:98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन को PM मोदी ने किया संबोधित

30 राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा पूरे बजट सत्र के लिए विधानसभा से निलंबित

31 महाकुंभ में आज 1.01 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

32 24 फरवरी से दिल्ली विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र, अरविंदर सिंह लवली होंगे प्रोटेम स्पीकर

33 इंदिरा गांधी के हत्यारे सतवंत सिंह के भतीजे को न्यूजीलैंड में 22 साल की सजा सुनाई गई

34 दिल्ली की CM रेखा गुप्ता ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की

35 तेलंगाना: महबूबनगर की NMIMS यूनिवर्सिटी में फूड पॉइज़निंग से 80 छात्र बीमार

36 पंजाब:पटियाला में टारगेट किलिंग मॉड्यूल का भंडाफोड़,विदेशी गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के 2 गुर्गे अरेस्ट

37 इंडियाज गॉट लेटेंट:रणवीर इलाहाबादिया को 24 तो राखी सावंत को 27 फरवरी को पेश होने के लिए समन

38 तमिलनाडु:17 साल की लड़की से गैंगरेप के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान

39 हर भारतीय 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए कर रहा कड़ी मेहनत:PM मोदी

40 बिहार:सासाराम में नकल रोकने पर 2 गुटों में झड़प,चली गोलियां, एक छात्र की मौत



# दिवंगत मां स्मिता पाटिल के घर में हुई प्रतीक की शादी: प्रिया बनर्जी

अपनी शादी को लेकर बॉलीवुड एक्टर प्रतीक बब्बर और उनकी पत्नी प्रिया बनर्जी ने चुप्पी तोड़ी। प्रिया ने बताया कि उनकी शादी बिल्कुल वैसी ही हुई, जैसी उन्होंने सोची थी पर्सनल, इंटीमेट और अपनों के बीच। शादी की खासियत यह थी कि यह रॉक क्लिफ नाम के घर में हुई, जो प्रतीक की दिवंगत मां स्मिता पाटिल का था। यह घर उन्होंने प्रतीक के साथ रहने के लिए खरीदा था, लेकिन तकदीर ने उन्हें साथ नहीं रहने दिया। प्रिया ने कहा, हम मानते हैं कि यह हमारे लिए उनका तोहफा है। वह चाहती थीं कि हमारी शादी इसी घर में हो, और हमने उनकी इस ख्वाहिश को पूरा किया।प्रिया ने बताया कि उन्होंने वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी को शादी के लिए इसलिए चुना क्योंकि यह प्यार का दिन है और वह और प्रतीक एक-दूसरे से बेहद प्यार करते हैं। उन्होंने कहा, हम पांच साल से साथ हैं, इसलिए शादी के बाद कुछ बदला नहीं लग रहा। लेकिन 14 फरवरी से बेहतर कोई दिन नहीं हो सकता था। शादी में प्रतीक के पिता राज बब्बर और उनके परिवार की गैरमौजूदगी को लेकर कई अफवाहें उड़ रही थीं। इस पर प्रिया ने कहा, हमारे परिवार का कोई ऐसा सदस्य नहीं था जो हमारी शादी में शामिल न हो। पता नहीं ऐसी अफवाहें क्यों उड़ाई जा रही हैं। मेरे माता-पिता वहां थे, प्रतीक की मौसियां थीं, जिन्होंने उसे बड़ा किया, उसके नाना-नानी थे। जो हमारे लिए मायने रखते हैं, वे सभी हमारे साथ थे। हमें ऐसा महसूस हुआ कि प्रतीक की मां भी वहां मौजूद थीं।जब प्रिया से पूछा गया कि शादी का सबसे यादगार पल क्या था, तो उन्होंने कहा, सबसे खास बात यही थी कि हमने प्रतीक की मां के घर में शादी की। इस वजह से हमें उनकी मौजूदगी महसूस होती रही। यहां तक कि वहां मौजूद हर किसी ने कहा कि ऐसा लग रहा था कि वह हमारे साथ हैं। प्रतीक और प्रिया की शादी बेहद निजी थी, लेकिन इसका महत्व उनके लिए बेहद गहरा था। प्रतीक के नाम बदलने से लेकर उनकी मां के घर में शादी करने तक, यह उनके जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत है। बता दें कि अब आधिकारिक तौर पर प्रतीक स्मिता पाटिल बन चुके हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी लॉन्गटाइम गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस प्रिया बनर्जी से शादी की। उनकी शादी बेहद प्राइवेट रही, जिसमें बब्बर परिवार शामिल नहीं हुआ।








# एक बार फिर सनम तेरी कसम जीत रही दर्शकों का दिल

मुंबई। हाल ही में दोबारा रिलीज हुई फिल्म सनम तेरी कसम को दर्शकों का उम्मीद से दोगुना प्यार मिल रहा है, जिससे फिल्म की पूरी टीम बेहद खुश है। 2016 में रिलीज हुई फिल्म सनम तेरी कसम एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत रही है। फिल्म के डायरेक्टर्स विनय सप्रू और राधिका राव ने इस सफलता पर खुशी जताई और एक खास इंटरव्यू में उस मुश्किल दौर को याद किया जब सलमान खान उनके लिए मसीहा बने थे। विनय सप्रू ने बताया कि जब कोई उनके काम को तवज्जो नहीं दे रहा था, तब सलमान खान ने बिना किसी हिचकिचाहट के उनकी फिल्म करने की हामी भर दी थी। उन्होंने कहा, हम एक स्क्रिप्ट और गाने लेकर घूम रहे थे। एक दिन हम गैलेक्सी अपार्टमेंट्स पहुंचे, जहां सलमान खान ने हमें देखकर पूछा, 'तुम लोग यहां क्या कर रहे हो?' जब हमने बताया कि नैरेशन देने आए हैं, तो उन्होंने तुरंत हमें अंदर बुलाया और कहा, 'मुबारक हो, मैं तुम्हारी फिल्म कर रहा हूं।' विनय ने आगे कहा कि हम सिर्फ दो लोग थे, जो एक फिल्म बनाने की कोशिश कर रहे थे, और हमारे सामने एक सुपरस्टार खड़ा था। उन्होंने यह तक कह दिया कि भले ही उन्होंने हमारा काम नहीं देखा, लेकिन वह हमारी फिल्म करने को तैयार हैं। डायरेक्टर्स ने बताया कि सलमान खान के इसी भरोसे की वजह से उन्होंने फिल्म 'लकी-नो टाइम फॉर लव' बनाई थी, हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफल नहीं रही। बावजूद इसके, सलमान ने उनके काम पर विश्वास बनाए रखा। 'सनम तेरी कसम' के दौरान भी सलमान खान ने उन्हें सपोर्ट किया था। विनय ने बताया कि जब फिल्म को कोई खास पहचान नहीं मिल रही थी, तब सलमान के एक ट्वीट ने हमारी बहुत मदद की थी। अब जब 'सनम तेरी कसम' को नई सफलता मिल रही है, तो इसके सीक्वल की चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस पर बोलते हुए विनय ने कहा, हर डायरेक्टर की विशलिस्ट में सलमान खान होते हैं। हम लकी के बाद से ही उन्हें दोबारा डायरेक्ट करना चाहते हैं और उनके लिए एक स्क्रिप्ट भी तैयार कर रखी है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, हर महीने हम उनके पास जाते हैं, उनसे मिलते हैं और कहते हैं, 'गुड मॉर्निंग सर।' यह हमारी यूनिवर्स से की गई एक प्रार्थना है कि एक दिन वह हमें फिर से मौका दें।

# बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी से बालीवुड में डेब्यू करेगी कावेरी कपूर

बालीवुड फिल्म बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी से अभिनेत्री कावेरी कपूर बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। कावेरी की पहली फिल्म का गाना एक धागा तोड़ा मैंने दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस गाने को कावेरी ने खुद कंपोज और गाया है। खास बात यह है कि यह गाना उनके किशोरावस्था में लिखे गए अंग्रेजी गाने रिमिनिस का हिंदी अनुवाद है, जिसके बोल प्रसिद्ध गीतकार प्रसून जोशी ने लिखे हैं और एआर रहमान ने इसे प्रोड्यूस किया है। महान संगीतकार एआर रहमान ने कावेरी की गीत लेखन और संगीत की कला की जमकर तारीफ की है।




उन्होंने एक बयान में कहा, गीत लिखना और उसमें व्यक्तिगत भावनाओं को व्यक्त करना एक दुर्लभ उपहार है। यह हर किसी को नहीं मिलता। कावेरी में यह गुण उनके दुनिया को देखने के अनोखे नजरिए की वजह से है। मुझे उनके साथ इस ट्रैक पर काम करने और सह-निर्माण करने में बहुत आनंद आया। मैं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।एक धागा तोड़ा मैंने सिर्फ एक रोमांटिक गाना नहीं है, बल्कि यह जीवन की कठिनाइयों और उनसे जूझने की ताकत को भी दर्शाता है। कावेरी की मधुर आवाज और गाने के गहरे बोल इसे खास बनाते हैं। कावेरी ने पहले बताया था कि वह एआर रहमान को अपना गुरु मानती हैं और उन्होंने ही उनकी संगीत यात्रा को गाइड किया। जब उन्होंने रिमिनिस गाना रहमान को दिखाया, तो उन्होंने इसमें गहरी रुचि ली। बाद में, जब फिल्म बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी के निर्देशक कुणाल कोहली ने यह गाना सुना, तो उन्होंने इसे फिल्म के म्यूजिक एल्बम में शामिल करने का फैसला किया। इसके बाद प्रसून जोशी ने हिंदी बोल लिखे और यह खूबसूरत गाना बना। हाल ही में एआर रहमान ने कॉमेडियन समय रैना और पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद पर भी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पिछले सप्ताह हमने देखा है कि मुंह खोलने पर क्या-क्या होता है। उनकी इस बात पर खूब तालियां बजीं और सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर चर्चाएं हुईं।



# साहित्य के क्षितिज पर नई ऊंचाइयां छू रही ट्विंकल खन्ना

मशहूर लेखिका और पूर्व अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना अपने नवीनतम पुस्तक वाचन सत्र के लिए यहां पहुंचीं। रैफल्स उदयपुर के भव्य राइटर्स बार में आयोजित इस कार्यक्रम में साहित्य प्रेमियों का हुजूम उमड़ पडा। एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना, जो कभी बॉलीवुड में स्टारडम की चमक थी, अब साहित्य के क्षितिज पर नई ऊंचाइयां छू रही हैं। उनकी नवीनतम किताब 'वेलकम टू पैराडाइज़' के कुछ अंश जब उनकी आवाज़ में गूंजे, तो श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। किताब के शब्दों और ध्वनिक संगीत के सुरों ने ऐसा समां बांधा कि कुछ लोगों को लगा मानो अगले ही पल बैकग्राउंड में कोई डांस सीक्वेंस भी शुरू हो जाएगा! राइटर्स बार की साज-सज्जा भी किसी भव्य फिल्मी सेट से कम नहीं थी—औपनिवेशिक शैली की भव्यता, झूमरों की मद्धम रोशनी और 3,000 से अधिक किताबों का समृद्ध संग्रह। पुस्तकालय में सजी किताबें भी जैसे वहां मौजूद लोगों को छेड़ते हुए कह रही थीं, "अरे भाई, हमें भी पढ़ लो, सिर्फ सेल्फी मत लो!" अपने लेखन यात्रा के बारे में बात करते हुए ट्विंकल खन्ना ने कहा, "लेखन एक कला है, जिसमें कल्पना की चुटकी, व्यंग्य का तड़का और ह्यूमर की धीमी आंच पर पकाई गई कहानियां मिलाई जाती हैं।" उनकी इस शैली ने श्रोताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया कि साहित्य में हास्य और व्यंग्य कैसे एक नई जान डाल सकते हैं। रैफल्स उदयपुर के महाप्रबंधक राजेश नाम्बी ने इस कार्यक्रम को 'प्रेरणादायक' बताया। वहां मौजूद साहित्यप्रेमियों की गहन चर्चाओं को देखकर ऐसा लग रहा था कि वे किसी गंभीर सामाजिक मुद्दे का हल निकालने वाले हैं—या फिर बस यह तय कर रहे हैं कि चाय के साथ कौन सा स्नैक्स ज्यादा स्वादिष्ट रहेगा! कार्यक्रम के अंत में ट्विंकल खन्ना ने अपनी किताबों पर ऑटोग्राफ दिए, और साहित्यिक संवाद के साथ-साथ हाई-टी का भी भरपूर आनंद लिया गया। वहां मौजूद लोग चाय की चुस्कियों के बीच मन ही मन सोच रहे थे, "अगर हर साहित्यिक आयोजन ऐसा हो, तो कौन कहेगा कि पढ़ाई-लिखाई बोरिंग होती है?" रैफल्स उदयपुर में आयोजित इस सत्र ने यह साबित कर दिया कि जब साहित्य में ग्लैमर और ह्यूमर का सही मिश्रण हो, तो पढ़ना भी एक स्टाइल स्टेटमेंट बन सकता है।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।